हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
yashbharat.co.in

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

• वर्ष- 17 अंक 43 • कटनी • शुक्रवार, 17 मार्च, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2079 शके 1935

### एच3एन2 इंफ्लूएंजा वायरस से महाराष्ट्र में दो दिनों में दो मौत

**मुंबई, (ईएमएस)।** महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से एच3एन2 इंफ्लूएंजा वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. इनमें पुणे में मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है. पुणे के अलावा छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) और नासिक में भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. एक दिन पहले ही अहमदनगर में एमबीबीएस स्टूडेंट की मौत हुई थी. अब पुणे से सटे पिंपरी-चिंचवड में 73 साल के बुजुर्ग की मौत से खलबली मच गई है.स्वास्थ विभाग के मुताबिक पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड में एच3एन2 इंफ्लूएंजा से दूसरी मौत की खबर सामने आई है।

### सीबीआई ने दो निजी व्यक्तियों सहित 5 सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया

**मुंबई, (ईएमएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मुंबई के सीमा शुल्क विभाग के तत्कालीन छह अधीक्षकों के खिलाफ छह अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। इन सरकारी सेवकों पर आरोप है कि उन्होंने यूबी केंद्र, जेएनसीएच में अपनी तैनाती के दौरान कई बार एक निजी व्यक्ति के साथ साजिश रची और सीमा शुल्क अधिनियम के तहत निवास स्थानान्तरण के प्रावधान का दुरुपयोग किया। गिरोह ने कथित तौर पर दो साल से अधिक समय से विदेश में रह रहे विभिन्न व्यक्तियों के पासपोर्ट का इस्तेमाल किया। लेकिन वास्तव में ये सामान विदेशों में बसे और विदेशों में रहने वाले कई अन्य व्यक्तियों के लिए आयात किया जाता था।

## हंगामे के बाद संसद सोमवार तक स्थगित

# कांग्रेस सांसद बोले- राहुल को बोलने दो
# भाजपा सांसदों ने माफी के लिए नारेबाजी की

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

**लोकसभा में 5वें दिन की कार्यवाही शुरू होने के 20 मिनट बाद ही खत्म हो गई। सदन में नारेबाजी के चलते अध्यक्ष ओम बिड़ला ने लोकसभा को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया। कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी को बोलने दो के नारे लगा रहे थे। उधर राज्यसभा की कार्यवाही भी सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।**



### राहुल ने मांगा था संसद में बोलने का वक्त

राहुल गांधी गुरुवार को संसद पहुंचे थे और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मिलकर सदन में भाषण के लिए वक्त मांगा था। उधर, भाजपा उनसे माफी की मांग पर अड़ी है। BJP के निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखकर राहुल गांधी के सदन से निष्कासन की मांग की है। साथ ही कहा है कि उनके बयान की जांच करने के लिए एक जांच समिति बनाई जाए। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का आज पांचवां दिन हैं। पहले चार दिन राहुल गांधी के लंदन में दिए गए भाषण और अडाणी मामले में हंगामे की भेंट चढ़ गए।

### भाजपा की स्पेशल कमेटी बनाने की मांग

सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के बयानों की जांच के लिए एक स्पेशल कमेटी बनाने की मांग की है। दुबे ने कहा कि राहुल गांधी ने यूरोप और अमेरिका में अपनी बयानों से लगातार संसद और देश की गरिमा को धूमिल किया है। इसलिए उन्हें संसद से निष्कासित करने का समय आ गया है। उनकी लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने में मदद करनी चाहिए।

# न्याय प्रशासन को बदनाम करने वालों पर तत्काल कार्यवाही हो

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने राष्ट्रपति और अटार्नी जनरल को किया लिखित निवेदन

महाराष्ट्र सरकार के गठन और राज्यपाल की भूमिका जैसे गंभीर मुद्दे पर विचार कर रही भारत के मुख्य न्यायाधीश की संविधान पीठ के खिलाफ टिप्पणी करने वाली ट्रोल सेना के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही हेतु महामहिम राष्ट्रपति से लिखित अनुरोध राज्यसभा सांसद श्री तन्खा ने किया है। इसके साथ अन्य सांसदों ने अटार्नी जनरल से भी मांग की है कि ट्रोल सेना के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।राष्ट्रपति को लिखे अनुरोध में श्री तन्खा ने कहा है कि हम सभी जानते हैं कि भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ सरकार गठन और महाराष्ट्र में राज्यपाल की भूमिका के मामले में एक महत्वपूर्ण संवैधानिक मुद्दे पर सुनवाई कर रहे हैं। जबकि मामला विचाराधीन है, महाराष्ट्र में सत्ताधारी पार्टी के हित के लिए संभावित रूप से सहानुभूति रखने वाली ट्रोल सेना ने भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ एक आक्रामक शुरुआत की है। जिसके शब्द और सामग्री गंदे और निंदनीय हैं, जिसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाखों लोगों ने देखा है।

ऐसे मामले में जो संविधान पीठ और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है, ऐसा घृणित आचरण केवल तभी संभव है जब ऐसे लोगों को सत्तारूढ़ व्यवस्था का समर्थन प्राप्त हो। महामहिम और भारत में संवैधानिक और वैधानिक प्राधिकरण भारतीय न्यायपालिका की गरिमा और मर्यादा की रक्षा के लिए कर्तव्यबद्ध हैं। न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा ने विनीत नारायण के अपने प्रसिद्ध कथन में स्पष्ट रूप से कहा, आप हमेशा इतने ऊँचे रहें, कि यह समझें कि कानून हमेशा आपके ऊपर है।

उक्त संबंध में महान्यायवादी (अटार्नी जनरल)को भी पत्र लिखा है जिसमें श्री तन्खा के साथ शक्तिसिंह गोहिल ,अमी याज्ञनिक , राघव चड्ढा ,रंजीत रतन ,दिग्विजय सिंह रामगोपाल यादव इमरान प्रतापगढ़ी प्रमोद तिवारी प्रियंका चतुर्वेदी जया बच्चन अखिलेश सिंह आदि ने महान्यायवादी( अटार्नी जनरल) से कहा है कि वे इस गंदे आचरण से स्तब्ध हैं।उन्होंने अटार्नी जनरल से मांग की है कि देश के प्रथम विधि अधिकारी होने के नाते भारत संघ के कानून और रक्षक के रूप में आपका कर्तव्य है कि आप त्वरित और सख्त कार्यवाही करें।

## » न्यूज गैलरी

### स्कूल , कॉलेज चाहिए, मैंने 600 मदरसे बंद किए: हिमंत बिस्वा सरमा



**बेंगलुरु, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने गत दिवस कर्नाटक के बेलगावी में एक चुनावी रैली में कहा कि बांग्लादेश के लोग पूर्वोत्तर राज्यों में आकर इसकी सभ्यता और संस्कृति के लिए खतरा पैदा करते हैं।शिवाजी महाराज गार्डन में आयोजित रेली में श्री सरमा ने कहा उन्होंने 600 मदरसों को बंद कर दिया है और उनका इरादा सभी मदरसों को बंद करने का है क्योंकि हम मदरसे नहीं स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय चाहते हैं। रैली में सरमा ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा, कभी दिल्ली के शासक मंदिरों को तोड़ने की बात करते थे, लेकिन आज नरेंद्र मोदी के शासन में, मैं मंदिरों के निर्माण की बात कर रहा हूं। यह नया भारत है। कांग्रेस इस नए भारत को कमजोर करने का काम कर रही है। कांग्रेस नए मुगलों का प्रतिनिधित्व कर रही है।

### मोदी जी, मजदूरों को मजबूर मत समझिए : खड़गे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद की एक समिति ने मनरेगा को बेरोजगार वर्ग के लिए संकट काल में आशा की किरण बताते हुए इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि वर्ष 2022-23 के संशोधित अनुमान की तुलना में वर्ष 2023-24 में मनरेगा के बजट अनुमान में 29,400 करोड़ रुपये की कटौती की गई है। लोकसभा में बुधवार को पेश, द्रमुक सांसद कनिमोई करूणानिधि की अध्यक्षता वाली ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई। इसे लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर हमला बोला है। मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, 14.98 करोड़ मनरेगा मजदूरों का बैंक अकाउंट अभी भी आधार से लिंक नहीं हुआ है। मोदी सरकार ने आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम को अनिवार्य किया है। इन मजदूरों को केवल 31 मार्च 2023 तक ही मोहलत दी है। क्या इसके बाद इनकी मजदूरी नहीं मिलेगी? मजदूरों को मजबूर मत समझिए, मोदी जी।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें
मो. 9407348995, 7999718732

## राहुल गांधी देश विरोधी टूलकिट का स्थायी हिस्सा बने-जेपी नड्डा का तीखा आरोप

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कांग्रेस और राहुल गांधी की जमकर आलोचना की।एक बयान में उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त है और जनता द्वारा बार-बार खारिज किए जाने के बाद राहुल गांधी अब राष्ट्रविरोधी टूलकिट का एक स्थायी हिस्सा बन गए हैं। नड्डा ने राहुल गांधी से माफी मांगने को कहते हुए कहा कि आजादी के बाद के इतिहास में, यहां तक कि सबसे कठिन समय में भी, भारत के किसी भी नेता ने कभी भी विदेशी शक्तियों से भारत सरकार के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील नहीं की। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह एक बहुत ही गंभीर मामला है।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सवाल किया, राहुल गांधी, जब आप भारत के आंतरिक मामलों में किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप की मांग करते हैं तो आपकी मंशा क्या होती है? नड्डा के अनुसार किसी दूसरे देश द्वारा भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की मांग करना भारत की संप्रभुता पर हमला है।

## उद्धव गुट को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका !

### SC ने कहा- जिसने विश्वास मत का सामना नहीं किया उसे कैसे कर सकते है बहाल

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आश्चर्य जताया कि वह महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार को कैसे बहाल कर सकता है, जब मुख्यमंत्री ने फ्लोर टेस्ट का सामना करने से पहले ही अपना इस्तीफा दे दिया था। ठाकरे गुट ने अदालत से समय को वापस करने और यथास्थिति को बहाल करने का आग्रह करते हुए अदालत के सामने प्रस्तुतियां दीं।

#### 2016 के जैसे इस बार भी हो फैसला

इसमें कहा गया था कि जैसे 2016 में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में नबाम तुकी को फिर से स्थापित किया था, वैसे ही इस बार भी किया जाए। ठाकरे गुट का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ से रायपाल बी एस कोश्यारी के फ्लोर टेस्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है।

#### विश्वास मत से पहले दे दिया था इस्तीफा

पीठ ने उद्धव ठाकरे की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी की दलीलों पर भी ध्यान दिया और कहा, तो, आपके अनुसार, हम क्या करते हैं? आपको बहाल करते हैं? लेकिन आपने इस्तीफा दे दिया। ऐसा लग रहा है जैसे अदालत से उस सरकार को बहाल करने के लिए कहा जा रहा है, जिसने फ्लोर टेस्ट से पहले ही इस्तीफा दे दिया है।

#### पांच जजों की बेंच कर रही सुनवाई

पीठ, जिसमें जस्टिस एमआर शाह, कृष्ण मुरारी, हेमा कोहली और पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं, ने ठाकरे और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट द्वारा दायर क्रॉस याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा। साथ ही, ठाकरे गुट के अधिवक्ता सिंघवी से पूछा, अदालत मुख्यमंत्री को कैसे बहाल कर सकती है, जिन्होंने फ्लोर टेस्ट का सामना भी नहीं किया। शीर्ष अदालत ने नौ कार्य दिवसों में दोनों पक्षों और रायपाल की दलीलें सुनीं, जिनका प्रतिनिधित्व सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने किया था।

## फिर बढ़ा कोरोना का खौफ?

### 6 राज्यों में अलर्ट जारी, 4 महीने बाद आए इतने मामले



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

कोरोना वायरस संक्रमण के मामले देश में एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। कुल चार महीने बाद देश में कोरोना के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। गौरतलब है कि बीते कुछ सप्ताह से कोरोना के लगातार बढ़ते मामले सरकार व प्रशासन के लिए चिंता का कारण बने हुए हैं। एक तरफ जहां कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ H3N2 वायरस के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इस कारण केंद्र सरकार द्वारा 6 राज्यों में नजर बनाए रखने को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर शेयर की गई जानकारी के मुताबिक देश में 16 मार्च के दिन कोरोना संक्रमण के कुल 754 मामले दर्ज किए गए हैं। इसी के साथ देश में कोरोना संक्रमण के एक्टिव मामलों की संख्या 4,623 पहुंच चुकी है। बीते साल 12 नवंबर को अंतिम बार सबसे अधिक मामले 734 कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए थे।

#### इन राज्यों में अलर्ट

कोविड 19 के लगातार बढ़ते मामलों के कारण कुल 6 राज्यों में अलर्ट जारी करते हुए कोविड की स्थिति पर नजर बनाए रखने को लेकर निर्देश जारी किया गया है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात, केरल और तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बचाव और निगरानी के लिहाज से स्थिति पर नजर बनाए रखने को लेकर निर्देशित किया गया है।

#### महाराष्ट्र में कोरोना

कोरोना संक्रमण के मामलों में महाराष्ट्र अब भी आगे है। कोरोना की शुरुआत से लेकर अब तक जितनी भी कोविड की लहरें आईं। सभी के दौरान महाराष्ट्र कोरोना संक्रमण के मामलों में सबसे आगे था। इसके बाद दिल्ली व अन्य राज्यों में कोरोना के सबसे अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए थे।

## सड़क दुर्घटना में साध्वी निरंजन ज्योति हुईं घायल, राष्ट्रीय राजमार्ग 50 पर इनोवा से टकराया ट्रक

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। कर्नाटक के विजयपुरा में राष्ट्रीय राजमार्ग 50 पर उनकी टोयटा इनोवा, एक लोडेड ट्रक से टकरा गई। इस घटना में मंत्री और उनके ड्राइवर को मामूली चोटें आई और उनका प्राथमिक उपचार किया गया। ट्रक चालक कथित तौर पर नशे में था और उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला सम्मेलन में भाग लेने पहुंची थी साध्वी निरंजन ज्योति बता दें कि वो कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में भाग ले रही थीं। इस साल कर्नाटक में चुनाव होने वाले हैं। पत्रकारों से बात करते हुए ज्योति ने कहा, भगवान की कृपा से मैं सुरक्षित हूं। चालक की सतर्कता ने हमें ट्रक के नीचे आने से बचा लिया। हमें मामूली चोटें आई और डॉक्टरों ने कहा कि सब ठीक है। वहीं, इस दुर्घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने एएनआई से बातचीत में बताया कि मैं पूरी तरह ठीक हूं, मेरी मांसपेशियों में हल्का दर्द है। मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे मेरी चिंता न करें। चालक समेत सभी सुरक्षित हैं। कोई फ्रैक्चर नहीं हुआ है।

## नौकरी से निकाला तो गुस्साए कार क्लीनर ने पार्किंग में तेजाब उड़ेला, 15 गाड़ियां खाक

■ नोएडा, एजेंसी।

नोएडा की एक सोसायटी में एक ऐसी घटना हुई जिसे सुन आप चौंक जाएंगे। दरअसल, सेक्टर 75 स्थित एक सोसायटी में एक कार क्लीनर को साफ-सफाई से हटाने पर उसे बेहद गुस्सा आ गया। नौकरी जाने से भन्नाए कार क्लीनर रामराज ने सोसायटी के 15 कारों पर तेजाब उड़ेल दिया। ये घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। तेजाब के कारण सोसायटी में 15 से ज्यादा कारों को नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

#### कार मालिकों ने पुलिस से की शिकायत

कार क्लीनर की करतूत के बाद गुस्साए कार मालिकों ने सेक्टर 113 के थाने में उसकी शिकायत कर दी। पुलिस ने इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर-75 की मैक्सब्लिस वाइटहाउस सोसायटी के एओए अध्यक्ष संजय पंडित ने बताया कि रामराज 2016 से सोसायटी में कारों की साफ सफाई का काम करता है। एक सप्ताह पहले कुछ लोगों ने उसे काम से हटा दिया। वह सोसायटी की अन्य गाड़ियों को साफ करने का काम कर कर था।




घटना सीसीटीवी में कैद, जांच जारी

बुधवार सुबह सुरक्षाकर्मी ने रामराज को बेसमेंट पार्किंग में खड़ी करीब 15 कारों पर तेजाब डालते देखा। घटना के बाद रामराज मौके से भागने लगा, लेकिन गेट पर उसको सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। एओए अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस को घटना की सूचना दी गई है। 15 कारों के मालिकों ने शिकायत दर्ज कराई और रामराज को पुलिस के हवाले कर दिया। सेक्टर-113 थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि रामराज हरदोई का रहने वाला है और होशियारपुर गांव में किराए के घर में रहता है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि किसी ने उसे तेजाब दिया था। मामले में जांच की जा रही है। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 427 (शरारत) के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## चीन में ताइवान स्वतंत्रता अलगाववादी गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं : रक्षा मंत्रालय

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) देश की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करेगी और किसी भी रूप में ताइवान स्वतंत्रता अलगाववादी गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं छोड़ेगी। चीनी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। चीन के रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता कर्नल तान केफेई ने अमेरिका द्वारा हाल ही में उकसाने वाले कृत्यों पर पत्रकारों के सवालों को जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमेरिका के उकसाने वाले कृत्यों ने ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ा दिया है। कर्नल तान ने कहा कि जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव का मूल कारण डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के अधिकारियों की 'ताइवान स्वतंत्रता' की मांग में बाहरी ताकतों के साथ और उनकी मिलीभगत से भड़काने वाले कृत्य और चीन के मौलिक हितों के विपरीत पक्ष में खड़े होना है। प्रवक्ता ने कहा कि पीएलए का 'ताइवान स्वतंत्रता' की मांग करने वाले बाहरी हस्तक्षेप और अलगाववादी गतिविधियों के खिलाफ सैन्य अभियान चलाना उचित है। उन्होंने कहा कि ताइवान चीन का है और ताइवान का मसला चीन का आंतरिक मामला है। चीन अपने मूल हितों की रक्षा करना जानता है कर्नल तान ने कहा, हमारा अमेरिका से आग्रह करते हैं कि वह ताइवान को लेकर चीन के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के प्रयास को छोड़ दे और 'सलामी रणनीति' और ताइवान के सवाल पर आगे की कार्रवाई के बारे में सोचना बंद करे।

**योजना** | युद्ध के लिए यूक्रेन को पोलैंड देगा मिग-29 विमान

## रूस के खिलाफ लड़ेंगे उसके ही फाइटर जेट

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

पोलैंड ने ऐलान किया कि वह रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन को मिग-29 लड़ाकू विमान देने की योजना बना रहा है। इसी के साथ वह रूस से निपटने के लिए तत्काल लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने की यूक्रेन की मांग को पूरा करने वाला पहला नाटो देश बन जाएगा। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने कहा कि वॉरसॉ ''अगले कुछ दिनों में'' यूक्रेन को सोवियत-निर्मित चार मिग-29 लड़ाकू विमान देगा। उन्होंने कहा कि दूसरे लड़ाकू विमानों को मरम्मत की जरूरत है, लिहाजा इनकी आपूर्ति बाद में की जाएगी। गौर करने वाली बात ये है कि ये मिग-29 1970 के दशक में सोवियत यूनियन में बना था और अब रूस के ही खिलाफ लड़ेगा।



### फैसले की अमेरिका ने की तारीफ

इस बीच, व्हाइट हाउस ने पोलैंड के कदम को एक संप्रभु फैसला करार दिया और लगातार अपने कद से बड़ा निर्णय लेते रहने के लिए उसकी सराहना की। हालांकि, उसने कहा कि इस प्रशंसा को यूक्रेन को अमेरिकी एफ-16ए लड़ाकू विमान उपलब्ध न कराने के अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के रुख में किसी बदलाव के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।

### यूक्रेन को लेपर्ड-2 टैंक भी दे चुका है पोलैंड

बता दें कि इससे पहले, पोलैंड यूक्रेन को जर्मनी-निर्मित लेपर्ड-2 टैंक उपलब्ध कराने वाला पहला नाटो देश बना था। डूडा की घोषणा से पोलैंड का पड़ोसी नाटो सदस्य जर्मनी अचंभित नजर आया। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने पत्रकारों से कहा, ''अब तक हर कोई इस बात से सहमत था कि यह लड़ाकू विमान भेजने का उपयुक्त समय नहीं आया है। पोलैंड ने हमसे अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि वह ऐसा करने की योजना बना रहा है।

### 11 से 19 मिग-29 लड़ाकू विमान दे सकता है पोलैंड

डूडा ने संकेत दिए कि पोलैंड यूक्रेन को 11 से 19 मिग-29 लड़ाकू विमान उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने कहा, ''ये विमान अपने ऑपरेशन टाइम के अंतिम सालों में हैं, लेकिन इनकी हालत अच्छी है।'' पोलैंड के राष्ट्रपति ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की कि क्या अन्य नाटो देश भी वॉरसॉ के नक्शेकदम पर चलते हुए यूक्रेन को लड़ाकू विमान उपलब्ध कराएंगे। हालांकि, स्लोवाकिया भी यूक्रेन को अपने अप्रयुक्त मिग लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने की मंशा जाहिर कर चुका है। पोलैंड सरकार के प्रवक्ता पियोत्र म्यूलर ने बुधवार को कहा था कि कई अन्य देशों ने भी यूक्रेन को मिग लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है, लेकिन उन्होंने इन देशों के नाम का खुलासा नहीं किया।

### कटनी में भी की गई हैं वायरस से निपटने की तैयारी

# एमपी में मिला खतरनाक एच-1, एन-1, एच-3 का मरीज, अलर्ट मोड पर कटनी



**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में कल एक मरीजब में एच2 एन3 का मरीज मिलने के बाद हड़कंप है। वैसे तो एक दिन पहले ही सरकार ने सभी जिलों में आवश्यक प्रबंध के निर्देश दे दिए थे लेकिन कल गुरूवार को एमपी में मरीज मिलने के बाद नए सिरे से जिलों को गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने को कहा गया है कटनी जिला अस्पताल में भी इसे लेकर खास प्रबंध किए गए हैं। आक्सीजन के साथ ऐसे मरीजों के लिए अलग से वार्डो की व्यवस्था आदि की जा रही है। कटनी जिला अस्पताल में वैसे भी लापरवाही को लेकर प्रदेश सरकार की नजर है लिहाजा यहां विशेष ध्यान देना लाजिमी है। कटनी इसलिए भी संवेदनशीन श्रेणी में रखा गया है क्योंकि कटनी एक ऐसा जक शन है जहां से देश के चारों कोनों तक यातायात रेल और सड़क का साधन मौजूद है ऐसे में मरीज कहीं से भी कटनी पहुंच सकता है। एच-1, एन-1, एच-3, एन-2 को लेकर मध्यप्रदेश के अस्पतालों में गाइडलाइन जारी, इन्फ्लूएंजा से रहें सतर्क। बहरहाल कटनी में दवाइयाँ-उपकरण और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता को पूरी तैयारी के साथ सभी अस्पताल सुनिश्चित करेने को कहा गया है। प्रदेश में संक्रमण एवं सांस से संबंधित बीमारियां तेजी से फैल रही है। मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य आयुक्त डॉ सुदाम खाडे ने सीजनल इन्फ्लूएंजा (एच-1, एन-1, एच-3, एन-2) वेरिएंट की रोकथाम हेतु गाइडलाइन जारी की है। इसके साथ कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के टीकाकरण कव्हरेज का परीक्षण भी करने सीजनल इन्फ्लूएंजा के सभी सी-केटेग्री के रोगियों के निदान के लिये थ्रोट स्वाब सेंपल चिन्हित लेब में भेजा जाए यह निर्देश दिये गए है सभी डॉक्टरों को पब्लिक को सीजनल इन्फ्लूएंजा के बारे में बताने के लिए भी कहा गया है। इन रोगों के संचरण को सीमित करने के लिए श्वसन और हाथ की स्वच्छता के पालन के बारे में सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। (जैसे खाँसते या छींकते समय अपने मुँह और नाक को एक टीशू पेपर / कोहनी से ढकना, सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बचना, भीडभाड़ वाले क्षेत्र मास्क का उपयोग करना एवं बार-बार हाथ धोना आदि) लक्षणों की शुरूआती सूचना देने और उन लोगों के संपर्क को सीमित करना जो श्वास की बीमारी से पीड़ित हैं। अच्छी खबर यह है कि कटनी में अब तक कोई ऐसा मरीज नहीं मिला है।

## शुरू हुए मीन खरमास 14 अप्रैल तक रहेंगे

# शुभ कार्यों पर ब्रेक

**कटनी, यशभारत।** *15 मार्च को सूर्यदेव मीन राशि में प्रवेश कर चुके हैं। इसके साथ ही खरमास लग गया है। इसे मीन मलमास भी कहा जाता है। खरमास 14 अप्रैल तक रहेगा। सूर्य देव का मीन में प्रवेश करना अशुभ माना जाता है। खरमास के महीने में ग्रहों की दशा भी प्रतिकूल होती है। इसलिए इस माह किसी भी तरह के मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं. माना जाता है कि खरमास में किए गए काम सफल नहीं होते हैं।*




ज्योतिष शास्त्र में खरमास को अच्छा नहीं माना जाता है। हालांकि खरमास के दौरान भगवान सूर्य देव की उपासना करना विशेष फलदायी माना जाता है. आइए जानते हैं कि अगले एक महीने तक आपको भूलकर भी कौन से कार्य नहीं करने चाहिए।

### खरमास में ना करें ये काम

मीन खरमास लगने के बाद एक महीने तक कई मांगलिक काम वर्जित हो जाते हैं। इस दौरान शादी-विवाह जैसे शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है. माना जाता है कि खरमास की महीने में विवाह करने पर पति-पत्नि का वैवाहिक जीवन सुखमय नहीं रहता है। खरमास के महीने में नए मकान का निर्माण और संपत्ति खरीदना भी वर्जित होता है। इस अवधि में बनाए गए मकान मजबूत नहीं बनते हैं या फिर उस घर में सुख-समृद्धि की कमी रहती है।

खरमास के महीने में कोई भी नया काम या व्यवसाय शुरू नहीं करना चाहिए. माना जाता है कि खरमास के महीने में शुरू किए गए कामों में सफलता नहीं मिलती है। इसके अलावा इस माह में गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, नई वधू का गृह प्रवेश या फिर सगाई जैसे कामों की भी मनाही होती है। अन्य मांगलिक कार्य जैसे द्विरागमन या फिर कर्णवेध भी इस माह वर्जित होते है. इस माह किसी भी तरह के धार्मिक अनुष्ठान को करने से भी मना किया जाता है। मीन खरमास में धार्मिक आयोजना का फल होता है लिहाजा लोगों को इस एक माह धार्मिक आयोजन करने चाहिए ।

### अब आने वाले विवाह मुहूर्त

मीन खरमार का सबसे ज्यादा प्रभाव विवाह समारोहों पर होता है। गुरु के उदित होने के बाद मई में शादियों के शुभ मुहूर्त हैं. पंचांग के अनुसार मई में कुल विवाह के 13 शुभ मुहूर्त हैं। मई 2023 विवाह के मुहूर्त, 6 मई , 8 मई, 9 मई, 10 मई 2023, 11 मई, 11 मई 2023, 15 मई 2023,16 मई 2023, 20 मई , 21 मई , 22 मई , 27 मई , 29 मई , 30 मई 2023 होंगे। दरअसल वैवाहिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले देवगुरु बृहस्पति (गुरु ग्रह) 1 अप्रैल 2023 रात 07.12 मिनट पर अस्त हो रहे हैं. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विवाह में गुरु का उदय होना बेहद जरुरी है। गुरु 3 मई 2023 को सुबह 04.56 मिनट पर उदित होंगे। कुल 32 दिन तक गुरु तारा अस्त रहेगा। ऐसे में 15 मार्च से 03 मई तक शादी की शहनाईयां नहीं बजेंगी।

# 30 जिलों के अतिथि शिक्षकों का मानदेय जारी, मगर कटनी में नहीं



**कटनी, यशभारत।** यह खबर मध्यप्रदेश के अतिथि शिक्षकों के लिए जरूर अच्छी है मगर कटनी के गेस्ट टीचर्स के लिए नहीं गत दिनों प्रदेश की सरकार ने गेस्ट टीचर के लिए मानदेय जारी किया लेकिन तीस जिलों में कटनी शामिल नहीं है पिछले तीन माह से अधिक समय से कटनी में गेस्ट टीचर को मानदेय नहीं मिला जिससे गेस्ट टीचर अपने घर में गेस्ट ही बन कर रह गए हैं। मंहगाई के इस दौर में वेतन न मिलना का दर्द सिर्फ वहीं समझ सकताहै जिसको काम करने के बावजूद वेतन नहीं मिला कुछ ऐसा ही दर्द कटनी जिले के गेस्ट टीचर भी झेल रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के 55 विकास खंडों के अतिथि शिक्षकों को मानदेय देने के लिए लगभग 15 करोड की धनराशि आवंटित की गई है।

### मध्य प्रदेश के इन जिलों के अतिथि शिक्षकों का मानदेय जारी

भोपाल से मिली जानकारी के अनुसार संजय कुमार अपर संचालक के हस्ताक्षर से आवंटन आदेश क्रमांक 861 दिनांक 14 मार्च 2023 को जारी किया गया। इसमें रीवा शिवपुरी सिवनी भोपाल हरदा खरगोन दतिया मंदसौर राजगढ़ दमोह धार भिंड विदिशा पन्ना राजगढ़ रतलाम सीहोर मुरैना आगर मालवा भिंड बुरहानपुर छिंदवाड़ा देवास गुना ग्वालियर खंडवा इंदौर नरसिंहपुर मुरैना और होशंगाबाद जिलों की कुल 55 विकास खंडों में संचालित सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे अतिथि विद्वानों का मानदेय जारी किया गया है।

### कटनी में अतिथि तुम कब जाओगे की तरह व्यवहार होता है

इधर कटनी में गेस्ट टीचर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष माजिद खान ने यशभारत को बताया कि कभी भी समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाता चाहे त्योहारों का समय हो या फिर अन्य कोई जरूरत 4 से पांच माह तक का वेतन हमेशा पेंडिंग रहता है। गेस्ट टीचर सरकार की नजर में गेस्ट की तरह ही हैं जिनकी जब तक जरूरत तब तक आवाभगत फिर अतिथि तुम कब जाओगे जैसा व्यवहार होता है।

### विश्व उपभोक्ता दिवस पर जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ आयोजन

# कैसे होती है मिलावट, ठगे जाते हैं ग्राहक, समझाया गया लोगों को



**कटनी, यशभारत।** विश्व उपभोक्ता दिवस गत 15 मार्च को जिला पंचायत सभाकक्ष में मनाया गया जिसमें उपभोक्ता फोरम के मजिस्ट्रेट सोनकर सर अपर कलेक्टर जिला पंचायत अधिकारी खाद्य विभाग अधिकारी नापतोल विभाग के अधिकारी उपभोक्ता उत्थान संगठन के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें धोखाधड़ी मिलावट से कैसे बचा जा सकता है और लोगों को कैसे जागरूक किया जा सकता है उसके बारे में सभी को जानकारी दी गई। साथ ही जगह-जगह शिविर के आयोजन के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया समझाया गया कि यदि आप कोई सामान खरीदते हैं तो नापतोल सही होना चाहिए। इसी तरह दवाई लेते वक्त हैं एक्सपायरी डेट अवश्य देखना चाहिए। किस चीज में मिलावट है? मसाले में मिलावट है तो उसकी जांच कैसे की जाती है? कैसे असली और मिलावट का पता किया जा सकता है ? उक्त विषय पर के एल पांडे द्वारा जानकारी दी गई मसाले में मिलावट की जानकारी खाद विभाग द्वारा दी गई। समाजसेवी प्रीति सेन के द्वारा बताया गया कि बाजार में बिक रही हल्दी में भी मिलावट कर बेचा जा रहा है। इसके साथ उपभोक्ता के पदाधिकारी द्वारा उपभोक्ता फोरम के कानून की जानकारी मजिस्ट्रेट श्री सोनकर द्वारा दी गई। मिलावट पर क्या धारा और क्या सजा हो सकती है उपस्थिति में उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला अध्यक्ष के एल पांडे महिला विंग जिला अध्यक्ष प्रीति सेन शहर से उषा पांडे, कल्पना दुबे, सचिव मीना सिंह बघेल, श्वेता अग्रवाल लाखन सिंह, निशा निषाद, लता खरे, अरविंद गुप्ता, रामजी नायक, प्रीतम भरवानी, रविंद्र प्रधान और अन्य पदाधिकारी सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम का सार्थक आयोजन हुआ।

# कटनी होकर निकलेगी दानापुर सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन




**कटनी, यशभारत।** रेलवे की ओर से बड़ी अपडेट है। कटनी होकर दानापुर-सिकंदराबाद के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलेगी। रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के बाद अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दानापुर-सिकंदराबाद-दानापुर के मध्य दो-दो ट्रिप सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है। गाड़ी संख्या 03225 दानापुर से सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन दो ट्रिप दिनांक 16.03.2023 एवं 23.03.2023 को दानापुर स्टेशन से 20:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 07.00 बजे, कटनी 08.35 बजे, जबलपुर 10:00 बजे, इटारसी 13.35 बजे और तीसरे दिन 04.40 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 03226 सिकंदराबाद से दानापुर स्पेशल ट्रेन दो ट्रिप दिनांक 19.03.2023 एवं 26.03.2023 को सिकंदराबाद स्टेशन से 10.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 01.15 बजे, जबलपुर 04.35 बजे, कटनी 06.15 बजे, सतना 07.50 बजे और दूसरे दिन 19:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

### कोच कम्पोजीशन

इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

### रेलगाड़ी के हाल्ट

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में आरा, बक्सर, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपूर काग़ज़नगर, बेल्लमपल्ली, रामगुंडम, पेद्दपल्ली जंक्शन एवं काजीपेट जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।



अद्भुत दृश्य , बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला कोर जोन में बाघिन चक्रधरा के शावक अठखेलिया करते हुये इस फोटो को विधायक संजय पाठक ने स्वयं शेयर किया है। जिसकी काफी चर्चा है।




# महीनों बाद भी पोस्ट आफिस घोटाले की जांच नहीं हो सकी, सीबीआई की नजर



**कटनी, यशभारत।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश के कटनी जिले के डाकघर में खजांची द्वारा सवा दो करोड़ रुपये के गबन के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। खजांची ने आम बचतकर्ताओं के रुपये शेयर बाजार में लगाकर धोखाधड़ी और गबन किया.। जानकारी मिली थी कि उसने सॉफ्टवेयर का उपयोग कर कटनी डाकघर को 2 करोड़ 19 लाख 75 हजार रुपये की चपत लगाई है. कटनी डाकघर में इस घोटाले का खुलासा 17 दिसंबर 2021 को हुआ था लेकिन अभी तक इस जांच पर क्या हुआ कुछ भी पता नहीं चल सका आरोपी भी निश्चिंत घूमता दिख जाता है। कटनी में इस बड़े घोटाल की जांच केन्द्रीय जांच एजेंसी के द्वारा की जा रही है मगर माह दर माह निकलते जा रहे है पर इसकी खबर किसी को नहीं। उधर पोस्ट आफिस के ही सूत्रों की माने तो इस पूरे मामले में दोषी कर्मचारी को बचाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। बल्कि कई तो यह भी कहते हैं कि संबंधिक को बचाने की कवायद सफल भी होती गई। तभी तो आज तक इस मामले में सीबीआई को भी कुछ खास हाथ नहीं लगा। हालांकि केन्द्रीय जांच एजेंसी के काम करने का तरीका अलग होता है तथा उसकी जांच की जानकारी किसी को नहीं होती संभव है किसी दिन कोई बड़ा धमाका सीबीआई कर दे।

### पहले विभागीय जांच हुई थी

इस मामले की जांच प्रवर डाक अधीक्षक जबलपुर संभाग आरपीएस चौहान द्वारा की जा रही थी. विभागीय जांच के बाद मामले की शिकायत 22 अप्रैल को सीबीआइ जबलपुर से की गई. सीबीआई ने मामले में 26 अप्रैल को डाकघर में पदस्थ रहे खजांची भट्टा मोहल्ला कटनी निवासी जावेद अख्तर के खिलाफ धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और छल करके दस्तावेजों में हेरफेर करने का मामला दर्ज कर जांच में शुरू कर दी है।

### निलंबित है दोषी

कटनी प्रधान डाकघर में खजांची के पद पर जावेद अख्तर की पदस्थापना 1 फरवरी 2020 को हुई थी. उसने 17 दिसंबर 2021 तक लगभग दो साल की नौकरी में डाकघर को 2 करोड़ 19 लाख 75 हजार रुपये की चपत लगा दी. शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी ने पूरी रकम शेयर मार्केट में लगाई है. वर्तमान में वह निलंबित है. अब पांच महीने बाद सीबीआई को ये मामला सौंपा गया है.

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 17 मार्च 2023

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# अमृत सरोवरों सहित अन्य विकास कार्यों को मार्च तक पूरा कराने का टारगेट फिक्स

## विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में सीईओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत अपूर्ण एवं निर्माणाधीन अमृत सरोवरों और मनरेगा अभिसरण से स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों एवं अन्य संरचनाओं की पूर्णता 31 मार्च तक आवश्यक रूप से की जाना सुनिश्चित करें। इस प्रकार के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने गुरुवार को विभागीय योजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। सीईओ ने सख्त लहजे में नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद स्तरीय अधिकारी निर्माण कार्यों में प्रगति लाने हेतु निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर निगरानी करें। निर्माणाधीन प्रगतिरत कार्यों कोए गुणवत्ता पूर्ण तरीके से तकनीकी मानकों का ध्यान रखते हुए तय समय सीमा में पूर्ण कराएं। निर्माण कार्यों की प्रगति में आने वाली कठिनाइयों एवं समाधान के विषय में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और तकनीकी अधिकारियों से सुझाव लिए। इस दौरान सीईओ श्री गेमावत ने जनपद और ग्राम पंचायत वार आधार सीडिंगए अमृत सरोवर, आंगनवाड़ी भवनों की पूर्णता एवं प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आधार सीडिंग और आधार बेस्ड पेमेंट में न्यूनतम प्रगतिवाली नन्हवाराएदेवरीए मवईए बरहीए पोंडी खुर्द, कछार गांव सहित दस ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक और क्षेत्रीय उपयंत्रियों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीईओ ने इस दौरान वाटर शेड परियोजना से निर्मित अमृत सरोवर, खेत तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं के निर्माण की प्रगति की जानकारी परियोजना अधिकारी वाटर शेड के परियोजना अधिकारी सूरज शर्मा से ली। बरेहटा के निर्माणाधीन तालाब की प्रगति को लेकर आदेशों की अवहेलना एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर क्षेत्रीय उपयंत्री नीरज तंतुवाय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



### सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण

सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्ण तरीके से हितग्राहियों से संवाद और स्थल निरीक्षण कर कराएं। अंतिम चरण में फोर्स क्लोज के प्रतिवेदन और प्रस्ताव समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ स्वयं परीक्षण और निगरानी कर जिला स्तर पर भेजें। बैठक में सीईओ ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत मां की बगियाए एसएमएस रिपोर्ट एपीएम पोषण ऐप की भी समीक्षा की गई। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गणवेश सिलाई, एसएचजी, बैंक लिंकेज प्रगति और लखपति दीदी के विषय में भी गतिविधियों की जानकारी ली जा कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को प्रदान किए। समीक्षा बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी विजयलक्ष्मी मरावी, मनरेगा प्रभारी अधिकारी आशुतोष खरे एएसबीएम के जिला समन्वयक कमलेश सैनी समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसहायक यंत्री, उपयंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, बीसी एएओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी ली

सीईओ श्री गेमावत ने समीक्षा बैठक में ओडीएफ प्लस ग्रामों, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, सामुदायिक स्वीकृत सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की पूर्णता एवं कचरा परिवहन हेतु प्रयुक्त होने वाले वाहन खरीदी की प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस और एसईसीसी 2011, तृतीय किस्त के विरुद्ध आवास पूर्णता, डिले आवास, लंबित स्वीकृतियां, और आधार सीडिंग की प्रगति की जनपद पंचायत वार समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए।

### पीएम आवास में लक्ष्य पूर्ति नहीं करने पर एक सप्ताह के लिए किया अवैतनिक

गत समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने एकारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर निर्धारित समय अवधि में प्रस्तुत नहीं करने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति नहीं किए जाने के फलस्वरूप जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत बहोरीबंद के पंचायत समन्वय अधिकारियों (सुपरवाइजर आवास) इंद्र कुमार व्योहार और महाराज सिंह को माह मार्च 2023 के वेतन से एक सप्ताह के लिए अवैतनिक किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। सीईओ द्वारा जारी आदेश के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बहोरीबंद को वेतन कटौती करते हुए जिला पंचायत कार्यालय को अवगत कराने हेतु कहा गया है।

# निगमाध्यक्ष ने जल संरक्षण के उद्देष्य से नदी गहरीकरण व साफ सफाई कराने निगमायुक्त को लिखा पत्र

**कटनी,यशभारत।** निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने निगमायुक्त को नदी के गहरीकरण एवं साफ सफाई कराई जाने हेतु पत्र प्रेषित किया है। निगमाध्यक्ष श्री पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिक निगम सीमांतर्गत शहर से नदी प्रवाहित होती है जो वर्तमान में सूखी हुई है, वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व नदी में जल संरक्षण की दृष्टि से नदी का गहरीकरण किया जाना नितांत आवश्यक है। नदी में कचरा के साथ ही गंदगी भी है नियमित रुप से नदी के घाटो में साफसफाई नहीं हो रही है जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। नदी में प्रमुख घाटों पर अधिक गंदगी होने एवं हानिकारक वस्तुओं का भारी जमाव हो चुका है। जिसके चलते कई गंभीर रोग होने की आशंका बनी रहती है। इन दिनों स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 का कार्य जारी है साफ-सफाई हेतु विषेष अभियान भी चलाए जा रहे है। नदी के दोनो तरफएवं घाटों में साफ सफाई कराया जाना आवश्यक है। शहर की जीवनदायिनी नदी में जल संरक्षण हेतु नदी का गहरीकरण करने के साथ ही नदी को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त रखने के लिए साफ सफाई की आवश्यक कार्यवाही शीघ्र कराई जाए। नदी के गहरीकरण उपरांत बारिश के पानी लंबे समय तक नदियों में रहेगा जिससे पर्यावरण व जनजीवन को काफी लाभ होगा। साथ ही पेय जल संकट का सामना नही करना पडेगा।



# पर्यटन के रूप में विकसित होगा रोहनिया का कुड़िया घाट

**कटनी,यशभारत।** बड़वारा तहसील के ग्राम रोहनिया के धार्मिक स्थल कुड़िया घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्रबल संभावना के मद्देनजर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा गुरुवार को स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्थल के प्राकृतिक सौंदर्य को देखते हुए इस क्षेत्र को जिले के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सीईओ जनपद पंचायत बड़वारा को कुड़िया घाट की मरम्मत, रेलिंग, चैनलिंग, फिनिशिंग, कंपाउंड वॉल निर्माण, सीढ़ी मरम्मत और नव सीढ़ी निर्माण सहित अन्य विकास कार्य के लिए प्रस्ताव ग्राम सभा एवं जनपद पंचायत के माध्यम से पारित कर स्वीकृति हेतु शासन की ओर भेजने के निर्देश कलेक्टर श्री प्रसाद ने दिए। इस दौरान ग्रामवासियों सहित एम. पी. टूरिज्म के अधिकारियों की भी उपस्थिति थी।



# विभागों में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों को न किया जाए उपेक्षित

**कटनी,यशभारत।** दिव्यांगों के कल्याण के लिए दिव्यांग अधिनियम 2016 को भारत सरकार द्वारा अधिकृत तौर पर पूरे देश में लागू कर दिया गया है। इस अधिनियम में दिव्यांग व्यक्ति से संबधित अनेक अधिकार एवं कर्तव्य उल्लेखित किए गए हैं। लागू अधिनियम 2016 का उद्देश्य दिव्यांग जनों के जीवन को सुविधाओं से युक्त करना तथा उन्हें जीवन जीने में बेहतर से बेहतर ढंग की सुविधा मुहैया कराना है। लेकिन आम तौर पर देखा जा रहा है कि अनेक प्रावधानों की निचले स्तर पर अनदेखी की जा रही है। बताया गया है विदेश प्रदेश के सभी सरकारी विभाग में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारीयों और शिक्षकों के लिए अधिकारी वर्ग द्वारा आज के दौर में उनकी उपेक्षा न की जाए इस बात का ध्यान रखने हेतु शासन स्तर से बार-बार आदेश प्रसारित किये जा चुके हैं। लेकिन कई बार समाचार पत्रों, पत्रिकाओं व टेलीविजन चैनल के माध्यम से मध्यप्रदेश विकलांग बल को यह मालूम होता है कि दिव्यांग कर्मी अनेक सरकारी कार्यालयों में गहन उपेक्षा के शिकार हैं। उनके साथ अधिकारियों और सामान्य वर्ग के सह कर्मियों द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता है, उन्हें हेय की दृष्टि से देखा जाता है। दिव्यांग अधिनियम 2016 में स्पष्ट उल्लेख है कि उनके साथ समानता का व्योहार होना ही चाहिये। दिव्यांग कर्मी के कर्तव्य स्थल तक पहुंच मार्ग सुगम होना चाहिए। संस्था, ऑफिस स्कूल आदि में सड़क मार्ग से परिसर तक आने. जाने का रास्ता पूरी तरह से बाधा रहित होना तथा परिसर में दिव्यांग कर्मी के बैठने के कक्ष, ऑफिस तक सुगम पट्टी का निर्माण आवश्यक है। ताकि दिव्यांग शिक्षक और कर्मचारी को अपने कर्तव्य स्थल तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो।कार्यालयों में दिव्यांग जनों के आवागमन हेतु रैंप सीधी और उनके जरूरत के हिसाब से बनी होएसाथ ही प्रत्येक परिसर व शासकीय भवन में शौचालयए मूत्रालय आदि दिव्यांग शिक्षक . कर्मचारी के अनुरूप होंए लेकिन 90 प्रतिशत शासकीय भवनों और शालाओं में इस तरह की सुविधा का अभाव है कक्ष ऑफिस में पंखे, मेज, कुर्सी, फर्नीचर का रख रखाव दिव्यांग शिक्षक कर्मचारियों के अनुरूप दिखाई नहीं देते है। भारत सरकार और मध्य प्रदेश शासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट करने के लिये ही मध्य प्रदेश विकलांग बल के प्रांतीय संरक्षक मार्तण्ड सिंह राजपूत द्वारा इन दिनों चलाए जा रहे एक सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आये दिन प्रदेश सरकार और भारत सरकार को पत्र लिखकर लागू अधिनियम की खूबियों पर फोकस किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि दिव्यांगों के लिए हर जिलों में उनके हित सन्वर्धन और अधिकारों की रक्षा हेतु संघ-संगठन पंजीकृत हैं, बावजूद इसके यह सन्वर्गआज भी अपने अधिकारों को प्राप्त करने हेतु निरंतर संघर्ष कर रहा है। ज़रूरत है कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम पूरे देश और प्रदेश से सख्ती से लागू हो तथा इसे लागू कराने में जो भी प्रशासनिक दिक्कतें हैं उन्हें दूर किया जाना वर्तमान समय की मांग है।

**दिव्यांग अधिनियम 2016 अनुसार सुविधाओं से युक्त एवं बेहतर सुविधा मुहैया कराना जरूरी**



# श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ 19 को

**कटनी,यशभारत।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा संचालित गायत्री शक्तिपीठ माई नदी के संचालन में श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड स्थित नाड़ी वैद्य आर.के. खरे के सामने प्रांगण में आगामी 19 मार्च रविवार को पंचकुण्डीय महायज्ञ सुबह 9 बजे से 12 बजे तक होना सुनिश्चित हुआ है। आयोजन के संबंध में बवीता गुरुंग, ममता खरे, आशा कौशल, चमेली बाई व सीता जायसवाल ने बताया कि सूक्ष्म संरक्षक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के आदेश के परिपालन में उक्त यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। ज्योति श्रीवास्तव, गीता शिवहरे, राम प्यारी निषाद, शालिनी गोस्वामी, निशा जायसवाल, अंजू शर्मा, मीना झा, सुमनलता तिवारी एवं समस्त गायत्री परिवार की महिला सदस्यों ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से उक्त धार्मिक आयोजन में पहुंच कर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।



# वार्डों में शिविर लगाकर लाडली बहना योजना के हितग्राहियों का किया जा रहा ईकेवाईसी

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन की जन कल्याणकारी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ हर पात्र महिला हितग्राही को मिले इसी मुख्य उद्देश्य से नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा आम जनता की सुविधा को देखते हुए शहर के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर मौके पर ई केवाईसी करने के दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं। जिसके तहत 16 मार्च को नगर निगम परिसर एवं जोन कार्यालयों के अलावा शहर के प्रथक प्रथक स्थानों में शिविर लगाकर हितग्राहियों का ई केवाईसी किया गया।

निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने नगर पालिक निगम सीमाक्षेत्र में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के उचित क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त पी के अहिरवार के मार्गदर्शन में विभिन्न वार्डों में दल गठित कर के सभी कर्मचारियों को वार्डों में भ्रमण कर ऐसे हितग्राही जिनका सामग्र ई केवाईसी नहीं हुआ है उनका ई केवाईसी मौके पर ही कर आधार अपडेशन एवं बैंक से आधार लिंक की कार्रवाई संपादित करने निर्देशित किया है तथा इसके अलावा पात्र हितग्राहियों की जानकारी गूगल फार्म एवं प्रिंटेड आवेदन फार्म में अंकित करने के निर्देश भी दिए हैं। शहर में लगाए जा रहे ई केवाईसी शिविरों की सतत मॉनिटरिंग के अलावा तकनीकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए उपायुक्त पी के अहिरवार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं एवं शिविरों में पहुंचकर उनकी सतत मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

# मार्च क्लोजिंग के चलते तेज हुई करों की वसूली



**कटनी,यशभारत।** नगर पालिक निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 -23 समाप्ति के मात्र चंद दिवस शेष होने के कारण निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत नगर निगम स्थित कंप्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयों के अलावा 16 मार्च को गजानन काम्पलेक्स के सामने शिविर लगाकर 350 रसीदों के माध्यम से 11 लाख 12 हजार की राशि वसूली गई। शिविर का आयोजन प्रातः10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शहर के गणमान्य नागरिकों प्रबुद्धजनों से संपत्तिकर जमा कर शहर के विकास में सहभागिता निभाने की अपील की है। आयुक्त नगर पालिक निगम सत्येंद्र सिंह धाकरे ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने निर्देशित किया है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग) मंडल रेल प्रबंधक, यांत्रिक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक:** JBP/M/Tender/06/2023, दिनांक: 14.03.2023 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** ROH/ NKJ (i) उच्च क्षमता सीबीसी (ड्राफ्ट गियर सहित) असेंबली और (ii) ROH के दौरान BOXN वेरिएंट के साइड बियरर के रेट्रोफिटमेंट के अपग्रेडेशन कार्य को आउटसोर्स करना। **कार्य का विज्ञापित मूल्य:** ₹ 1095767.40/- **टेण्डर फॉर्म का मूल्य:** ₹ 00 **बयाना राशि:** ₹ 21900/- **निविदा समापन अवधि:** 210 दिन **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 13.04.2023, 15.00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (यां), प.म.रे., जबलपुर

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर क्षण को सुरक्षित बनाएं!

**CITYPRIDE CINEMA**



**17 मार्च 2023 से**

10:00AM - AUDI-1 - SHAZAM
12:00PM - AUDI-1 - KABZAA
12:30PM - AUDI-2 - TU JHOOTHI MAIN MAKKAAR
02:30PM - AUDI-1 - SHAZAM
03:30PM - AUDI-2 - KABZAA
05:00PM - AUDI-1 - SHAZAM
06:30PM - AUDI-2 - TU JHOOTHI MAIN MAKKAAR
07:30PM - AUDI-1 - SHAZAM
09:30PM - AUDI-2 - KABZAA
10:00PM - AUDI-1 - TU JHOOTHI MAIN MAKKAAR




**आवश्यकता है**

**मध्य भारत की एक लीडिंग मैन्युफेक्चरिंग कम्पनी हेतु निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है।**

**1 पद- स्टेनोग्राफर**
(अंग्रेजी की अच्छी जानकारी आवश्यक है)

**3 पद - मार्केटिंग एक्जेक्यूटिव**
(अंग्रेजी की अच्छी जानकारी आवश्यक है बीएससी केमिस्ट्री को प्राथमिकता दी जायेगी)

**वेतन-अनुभव के आधार पर प्रदान की जायेगी।**

पता- यशभारत प्रेस कचहरी चौक, कटनी
फोन- 07622-230033, मो. 9425362893

### देश में 21 हजार पशुधन पर एक चिकित्सक, 10 हजार पद रिक्त

# मध्य प्रदेश में चार करोड़ पशुधन के लिए आठ हजार चिकित्सकों की जरूरत

भोपाल यशभारत।

**पिछले कुछ वर्षों से पशुओं से इंसानों में आने वाली बीमारियां बढ़ी हैं। इसके भी बाद भी स्थिति यह है कि देशभर में पशु चिकित्सकों के 10 हजार पद रिक्त हैं। भारत में 54 करोड़ पशुधन हैं। इस लिहाज से 21 हजार पशुओं पर एक चिकित्सक है, जबकि पांच हजार पर एक होना चाहिए।**



पशु चिकित्सकों की कमी की वजह से उनकी बीमारियां जल्दी से पकड़ में नहीं आ पातीं। पशुधन के संक्रमित होने पर रोकथाम में भी मुश्किल आती है। वेटरनरी काउंसिल आफ इंडिया (वीसीआइ) ने रिक्त पदों को भरने की पहल की है। इसके लिए सभी राज्यों से स्वीकृत और खाली पदों की जानकारी मांगी गई है।पशु चिकित्सकों की उपलब्धता के मामले में मध्य प्रदेश की स्थिति भी ठीक नहीं है। यहां करीब चार करोड़ पशुधन हैं। पांच हजार पशुधन पर एक चिकित्सक के मान से आठ हजार चिकित्सकों की आवश्यकता हैं, पर स्वीकृत पद सिर्फ 1671 हैं। इनमें भी 289 रिक्त हैं।इस वजह से पशुओं की नियमित जांच और टीकाकरण जैसे काम भी नहीं हो पा रहे हैं। स्थिति यह है कि भोपाल स्थित राज्य पशु चिकित्सालय की ओपीडी में हर दिन करीब चार सौ मवेशी उपचार के लिए लाए जाते हैं, पर डाक्टर सिर्फ पांच हैं। इनकी तीन पाली में ड्यूटी लगती है।संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डा. आरके मेहिया ने बताया कि 129 डाक्टरों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। यह डाक्टर जल्द मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा डाक्टरों के 80 और पदों पर भी जल्द ही भर्ती शुरू की जाएगी।

**इनका कहना है**

इस समय मनुष्य तक पहुंचने वाली संक्रामक बीमारियों में ज्यादातर पशुओं से आ रही हैं। इसमें एंथ्रेक्स और बर्ड फ्लू भी शामिल है। इन्हें जूनोटिक बीमारियां कहा जाता है। इन्हें फैलने से रोकने के लिए पर्याप्त पशु चिकित्सक होना जरूरी है। हमारी कोशिश है कि राज्यों में रिक्त पदों को भरा जाए।

**– डा. उमेश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष, वेटरनरी काउंसिल आफ इंडिय**




# बड़वानी में चली तेज आंधी, सुबह हुई हल्की वर्षा

## किसान हुए चिंतित

■ बड़वानी, यशभारत।

बड़वानी में बुधवार रात को बिजली की तेज गड़गड़ाहट के साथ वर्षा शुरू हुई। आंधी भी चली। इससे पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। कुछ देर हुई वर्षा से मौसम में ठंडक घुल गई। वहीं गुरुवार सुबह भी हल्की वर्षा हुई। उधर, रात में चली आंधी से गेहूं व मक्का की फसल फिर आड़ी हो गई है। कुछ जगह बिजली के तार टूटे।

**बड़वानी के 20 से अधिक गांवों में फसलों को नुकसान**

दरअसल एक सप्ताह पूर्व भी आंधी से 20 से अधिक गांवों में नुकसान हुआ हैं। एक सप्ताह में तीसरी बार आई आंधी से खेतों में नुकसान ने किसानों को मुश्किल में डाल दिया है। मार्च माह में कभी तेज धूप तो कभी आंधी वर्षा लोगों को हैरान कर रही है। बुधवार शाम को चली तेज आंधी में कुछ स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं गिर गई तो झुरमुट झाड़ियां धराशायी हो गई।

वहीं कुछ कच्चे मकानों के टीनशेड भी उड़ गए। गौरतलब है कि जिले में गत दिनों आंधी ने रौद्र रूप दिखाया। आंधी से जहां राजघाट क्षेत्र में तंबू उड़ गए वहीं अंचल में कुछ स्थानों पर गेहूं व मक्का के खेत में फसलें आड़ी हो गई।

**राजघाट क्षेत्र में उड़ गए टीनशेड**

उधर, गांवों में गेहूं, मक्का की चौपट हुई फसलों को लेकर नुकसान का सर्वे जारी है। राजस्व अमला खेतों में सर्वे कर रहा है। यह सर्वे पूरा भी नहीं हुआ और तीसरी बार फिर आंधी ने नुकसान पहुंचा दिया है। वहीं राजघाट क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए स्वल्पाहार काउंटर का तंबू तीसरी बार उखड़ गया। पंडित सचिन शुक्ला के अनुसार तंबू उखड़ने के साथ ही यहां पर टीनशेड भी उड़े हैं। इससे समिति को नुकसान हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### कॉल बिफोर यू डिग ऐप पर प्रदेश के सभी निकायों का पंजीयन हुआ

■ भोपाल, यशभारत।


नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि विभाग द्वारा प्रदेश के सभी 413 निकायों के संबंधित अधिकारियों का कॉल बिफोर यू डिग ऐप पर पंजीयन कर लिया गया है। भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय द्वारा दूरसंचार अधोसंरचना से जुडी अनुमतियों के संबंध में कॉल बिफोर यू डिग ऐप विकसित किया गया है। इस ऐप में सम्पत्ति मालिक और एजेंसियों का पंजीकरण किया जाना है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहाँ समस्त नगरीय निकाय इस ऐप पर पंजीबद्ध हो चुके हैं। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा यह भी अनिवार्य किया जा रहा है कि खुदाई की अनुमति दिये जाने के पूर्व खुदाई करने वाली एजेंसी का भी इस ऐप पर पंजीकरण किया गया हो। खुदाई करने वाली एजेंसी का पंजीकरण नहीं होने पर खुदाई करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। खुदाई करने वाली एजेंसी द्वारा कॉल बिफोर यू डिग ऐप पर सूचना देने के बाद ही खुदाई का कार्य प्रारंभ किया जायेगा।



### 19 वर्षीय युवती ने 15 वर्षीय बालक से जबरदस्ती बनाए संबंध, दस साल की जेल

■ इंदौर, यशभारत।

इंदौर में एक युवती ने नाबालिग लडके का अपहरण कर उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाए। इस मामले में विशेष न्यायालय ने युवती को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़ित किशोर को 50 हजार रुपए प्रतिकर राशि के रूप में दिलाए जाने की अनुशंसा भी की है। मामला बाणगंगा पुलिस थाने का है। युवती की उम्र 19 वर्ष और लडके की 15 वर्ष है। पास्को एक्ट के तहत यह सजा सुनाई गई है। इस फैसले में न्यायालय ने यह भी कहा है कि पास्को एक्ट में महिला भी दोषी हो सकती है, जरूरी नहीं कि हमेशा पुरुष ही दोषी हो। मामला 2018 का है।



### बूढ़े बाघों के लिए संकट बने जवान

# टेरिटरी छोड़ने हुए मजबूर गर्मी में बढ़ेगा संघर्ष

■ उमरिया, यशभारत।

बांधवगढ़ के जंगल में 10 साल से ज्यादा उम्र के बाघों की संख्या 15 से ज्यादा है। ताला रेंज में 10 साल से ज्यादा उम्र के सबसे ज्यादा बाघ हैं। वहीं मानपुर, खितौली, मगधी, पतौर, पनपथा में भी दस साल से ज्यादा उम्र के बाघ देखने को मिलते हैं। बूढ़े और जवानों के बीच जिस तरह से इंसानी समाज में वैचारिक द्वंद चलता रहता है, ठीक उसी तरह जंगल में जवान ताकतवर बाघ बूढ़े कमजोर बाघों के लिए खतरा बन जाते हैं। जवान और ताकतवर बाघ अपनी सत्ता स्थापित करने के लिए बूढ़े बाघों को ललकारते हैं। इस दौरान अगर दोनों के बीच संघर्ष होता है तो जवान बाघ बूढ़े बाघों पर भारी पड़ जाते हैं। यही कारण है कि बूढ़े बाघ अपनी अवस्था के अनुकूल व्यवहार करते हुए जंगल से किनारा करने लगते हैं। हाल ही में मानपुर के सेहरा बीट से बेदखल होकर



एक बूढ़ा बाघ नौगंवा होते हुए उर्दना पहुंच गया है।बांधवगढ़ के जंगल में 10 साल से ज्यादा उम्र के बाघों की संख्या 15 से ज्यादा है। ताला रेंज में 10 साल से ज्यादा उम्र के सबसे ज्यादा बाघ हैं। वहीं मानपुर, खितौली, मगधी, पतौर, पनपथा में भी दस साल से ज्यादा उम्र के बाघ देखने को मिलते हैं। इनमें से कई बाघ तो 12 साल से भी ज्यादा उम्र के हैं। बाघों की उम्र 12 से 15 साल तक होती है, हालांकि कई ऐसे अपवाद भी हैं, जिसमें बाघों ने अपनी उम्र 18 साल भी पार की है। बांधवगढ़ में बाघों की संख्या 130 से ज्यादा है, जिसमें दो साल से छह साल तक के बाघों की संख्या सबसे ज्यादा है। हालांकि छह महीने से दो साल के शावकों की संख्या भी यहां अच्छी-खासी है।

**सिर्फ बाघों में संघर्ष**

जंगल के अंदर संघर्ष बाघों के बीच ही ज्यादा होता है। बाघिन से बाघ का संघर्ष तब होता हैं जब बाघिन के साथ उसके शावक होते हैं और बाघिन बाघ को अपने पास नहीं आने देती। इस इस स्थिति में बाघ शावकों पर हमला करने का प्रयास करता है और बाघिन बीच में आ जाती है। एक बाघ के साथ एक से ज्यादा बाघिन हो तो कोई झगड़ा नहीं होता, लेकिन जैसे ही दूसरा बाघ आता है। संघर्ष शुरू हो जाता है।

**गर्मी में खुल जाता है जंगल**

जंगल में पशु संग्राम का ज्यादा खतरा गर्मी के मौसम में होता है। दरअसल गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण बाघ अपना क्षेत्र छोड़ने लगते हैं और पानी की तलाश में खुले जंगल में निकल जाते हैं। जहां भी दूसरे बाघ से उनका सामना होता है वहीं संघर्ष शुरू हो जाता है। इसी तरह जल स्रोत पर कब्जे के लिए भी बाघों के बीच फाइटिंग होने लगती हैं। जंगल खुल जाता है ।

### सतर्क रहें, घबराएं नहीं

# सीजनल इन्फ्लूएंजा निरोधक व्यवहारों का पालन करें

■ इंदौर, यशभारत।

भारत वर्ष के साथ-साथ मध्यप्रदेश ने भी संक्रमण एवं गंभीर तीव्र श्वसन संबंधित बीमारियों जैसी इन्फ्लूएंजा की बढ़ती प्रवृति को मद्देनजर रखते हुए सीजनल इन्फ्लूएंजा (एच1 एन1 एच3 एन2) वैरिएंट की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु निर्देशित किया है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या ने बताया है कि इन्फ्लूएंजा एक मौसमी संक्रमण है, वर्तमान में मौसम की स्थिति एवं व्यवहार संबंधित कारण जैसे व्यक्तिगत स्वच्छता पर पर्याप्त ध्यान न देना, सामाजिक दूरी का ध्यान न रखते हुए सुरक्षा के बिना छींकना एवं खांसना, बंद कमरों में सभाओं का आयोजन करना, एडोनोवायरस से फैलने वाले संक्रमण के लिए अनुकुल वातावरण बनाते हैं। जिन स्थानों पर अधिक प्रकरण देखे जा रहे हैं वहां स्वास्थ्य विभाग नजर रखे हुए हैं। छोटे बच्चे, बूढ़े व्यक्ति एवं सहरुगणता जैसे श्वसन रोगों से पीड़ित व्यक्ति, मधुमेह पीड़ित व्यक्ति, हृदय रोगी, लिविर एवं किडनी से पीड़ित लोग एडेनोवायरस आदि से ग्रसित व्यक्ति से अधिक सतर्क रहें। बुखार, खांसी एवं तीव्र श्वसन के साथ संक्रमण प्रकट करने वाले स्वयं सीमित बिमारी का कारण बनते है।

कुछ मामलों में वृद्ध व्यक्ति, छोटे बच्चे, वृद्ध एवं मोटापे से ग्रसित व्यक्ति, गर्भवती महिलायें तथा सहरूगणता वाले व्यक्ति यदि संक्रमित होते हैं, तो उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता होती है। ऐसे समस्त व्यक्ति जो जोखिम में आते है, यदि भर्ती होते हैं तो उनके थ्रोटस्वाब सैम्पल अनिवार्य रूप से मध्यप्रदेश शासन द्वारा चिन्हित लेब ऐम्स भोपाल में इन्दौर के सैम्पल भेजे जायेगे।इन रोगों के नियंत्रण के लिए श्वसन और हाथ की स्वस्छता के बारे में सामुदायिक जागरूकता से संबंधित नियमों का पालन करना महत्वपूर्ण है।

# भाजपा सरकार ने रजक समाज के साथ किया कुठाराघात

### मप्र कांग्रेस रजक समाज समन्वय प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों की समीक्षा बैठक और होली मिलन समारोह सम्पन्न

■ भोपाल, यशभारत।

मप्र कांग्रेस रजक समाज समन्वय प्रकोष्ठ की बैठक मैं आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में रजक समाज के पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों को आमंत्रित किया गया था।

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार रजक समाज के साथ कुठाराघात कर रही है, उनके अधिकारों को उनसे छीना जा रहा है रजक समाज एक ऐसा समाज है जिसका सभी लोगों से सीधा संपर्क और संवाद होता है लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार इस वर्ग को दरकिनार, भ्रमित और गुमराह कर रही है।

बैठक को मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पूर्व मंत्री पीसी शर्मा पूर्व मंत्री मुकेश नायक पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजीव सिंह एवं समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारी जेपी धनोपिया, मप्र किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने भी संबोधित किया।




प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजय मालवीय ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए हम सब कटिबद्ध हैं और कांग्रेश पार्टी के लिए जो भी धरना प्रदर्शन आंदोलन हमें करना पढ़ेंगे हम कांग्रेस पार्टी के लिए एकजुट होकर खड़े हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए हम पूरे प्रदेश में एक जन आंदोलन चलाएंगे।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता आनंद तारण, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तिरुपति कनकैया, माधव मालवीय, कैलाश कनौजिया, के. के. बनवारे, अनंतराम रजक, दीपक बनोरिया, श्रीमति सुधा रजक, बल्ली रजक, रामगोपाल मालवीय सहित प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मार्च तक

# चने का बिक्री टेंडर बंद होने की चर्चा से भाव बढ़े, मसूर भी तेज

■ इंदौर, यशभारत।

नाफेड की चना खरीद के लिए राज्य सरकार ने आनलाइन पंजीकरण की समय सीमा 31 मार्च तक बढ़ाने का फैसला किया है। चना खरीद की गारंटी के लिए किसानों का आनलाइन पंजीयन 27 फरवरी से शुरू किया गया था और पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मार्च तक दी गई थी। इधर, ऐसी चर्चा है कि मध्यप्रदेश में चना बिक्री का आज हुआ टेंडर अंतिम हो सकता है। सभी राज्यों के तहत मध्यप्रदेश में भी सरकारी बिक्री बंद हो जाएगी। इसके चलते इंदौर मंडी में चने में बिकवाल बेहद कमजोर देखने को मिले हैं, जिससे चने की कीमतों में तेजी रही। बुधवार को चना कांटा 100 रुपये बढ़कर 5150-5200 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

दूसरी ओर काबुली चने में लेवाली कुछ कमजोर रहने से भाव में मंदी रही। कंटेनर में काबुली चना 300 रुपये तक टूट गया। कंटेनर में डालर चना



(40/42) 11100, (42/44) 10900, (44/46) 10600, (58/60) 8600, (60/62) 8500, (62/64) 8400 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बोले गए। दूसरी ओर मसूर में जोरदार मांग निकलने और इंपोर्ट कम होने के कारण भाव में तेजी रही। मसूर 100-125 रुपये बढ़कर 5850-5875 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई है। इससे मसूर दाल भी करीब 50 रुपये महंगी हो गई।

हल्की क्वालिटी की तुवर की आवक बढ़ने और दालों में कमजोर मांग के कारण मिलों की तुवर खरीदी कम होने से भाव में गिरावट रही। तुवर में करीब 100 रुपये क्विंटल की मंदी दर्ज की गई। तुवर महाराष्ट्र सफेद 7700-7900 कर्नाटक तुवर 7900-8100 निमाड़ी तुवर 7100-7800 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। वहीं मूंग दाल और मूंग मोगर में मांग अच्छी रहने से भाव में 100 रुपये की तेजी दर्ज की गई। उड़द, मूंग में कारोबार सामान्य रहा। भाव स्थिर रहे।

दलहन- चना कांटा 5150-5200 विशाल 4800-4900 काबुली बिटकी 6000-6300 मीडियम काबुली 7200-7800 काबुली डालर 8600-9400 मसूर 5850-5875 तुवर महाराष्ट्र सफेद 7700-7900 कर्नाटक तुवर 7900-8100 निमाड़ी तुवर 7100-7800 मूंग 7600-8100 एवरेज 6700-7400 उड़द बेस्ट 7000-7400 मीडियम 5500-6600 हलकी 3000-4000 सरसों 5900-6100 राइडा 4700-4900 रु. क्विंटल ।दालों के दाम- चना दाल 6400-6500 मीडियम 6600-6700 बेस्ट 6800-6900 मसूर दाल 7400-7500 बेस्ट 7600-7700 मूंग दाल 9650-9750 बेस्ट 9850-9950 मूंग मोगर 10050-10150 बेस्ट 10250-10350 तुवर दाल 8900-9000 मीडियम 9700-9800 बेस्ट 10100-10300 ए. बेस्ट 10600-11400 उड़द दाल 8700-8800 बेस्ट 8900-9000 उड़द मोगर 9600-9700 बेस्ट 9800-9900 रुपये प्रति क्विंटल।इंदौर चावल के भाव- दयालदास अजीतकुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 11000-12000, तिबार 9000-9500, बासमती दुबार पोनिया 8000-8500, मिनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4000-6000, बासमती सेला 7500-9500, कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7500, दुबराज 4000-4500, परमल 2500-2700, हंसा सेला 2600-2800, हंसा सफेद 2400-2500, पोहा 3800-4200 रु. क्विंटल के भाव बताए गए।

# पुनीत ट्रेडर्स पर किया 50 हजार का जुर्माना

■ उज्जैन,ईएमएस।

नगर पालिक निगम अमले द्वारा प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग नही करने के लिए निरंतर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा है तथा अमानक स्तर की पॉलिथिन का भण्डारण एवं विक्रय करने पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना किया जा रहा है। 04 मार्च को दौलतगंज स्थित पुनीत ट्र्डर्स पर पॉलिथिन भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए पालीथिन जप्त की गई थी बुधवार को पुनीत ट्र्डर्स पर 50 हजार का जुर्माना किया गया। नगर निगम द्वारा विगत 04 मार्च को दौलतगंज स्थित पुनीत ट्र्डर्स पर प्रतिबंधित पॉलिथिन पाई जाने पर कार्यावाही करते हुए लगभग 4 टन पॉलिथीन जप्त की गई थी। बुधवार को उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत पुनीत ट्र्डर्स के अभय गुप्ता पर 50 हजार का जुर्माना किया गया। उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन शहर को पॉलिथिन मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है, निगम अमले द्वारा पॉलिथिन का उपयोग नही करने के लिए विभिन्न गतिविधियां करते हुए नागरिकों में जनजागरण किया जा रहा है साथ ही अमानक स्तर की पॉलिथिन का उपयोग, भण्डारण एवं विक्रय करने वालो पर लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है।

# गैर जिम्मेदार कनिष्ठ अभियंता को कलेक्टर ने लगाई फटकार

## तीन दिन के भीतर मांगा जवाब, अधीक्षण अभियंता को भी किया तलब



**कटनी,यशभारत।** शासकीय अधिकारी कर्मचारी आम जनता के प्रति जवाबदेह हैं और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता के प्रति ऐसे ही असंवेदनशील व्यवहार पर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कटनी की कनिष्ठ अभियंता को 3 दिवस में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिया है। साथ ही अधीक्षण अभियन्ता को प्रतिवेदन सहित अधीनस्थ कर्मचारी कनिष्ठ अभियंता के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### ये है प्रकरण

मंगलनगर रामकृष्ण परमहंस वार्ड निवासी मीसाबंदी अयोध्या प्रसाद पाल द्वारा लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से कृषि संबंधी उपयोग हेतु नवीन कनेक्शन के लिए 30 दिसंबर 2021 को आवेदन किया गया था। जिसे मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कटनी कार्यालय द्वारा बिना कारण दर्शाए निरस्त कर दिया गया। जिससे व्यथित आवेदक द्वारा प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर 18 जनवरी 2023 को प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा आवेदक को कृषि उपयोग हेतु कनेक्शन प्रदाय न कर यह उल्लेखित किया गया कि ट्रांसफार्मर में निर्धारित क्षमता से अधिक भार है। जबकि उसी ट्रांसफार्मर से आवेदक को निरंतर अस्थाई कनेक्शन प्रदाय किया गया था।

### डीसीसी से भी गैरजिम्मेदाराना बर्ताव

उक्त आवेदन के पालन प्रतिवेदन के संबंध में जब लोक सेवा केन्द्र द्वारा म प्र पू क्ष वि वि कंपनी कटनी की कनिष्ठ अभियंता शासकीय सेवक तिथि बछोतिया से दूरभाष पर सूचित किया गया तो शासकीय सेवक कनिष्ठ अभियंता द्वारा गैरजिम्मेदाराना बर्ताव करते हुए सूचना के अधिकार के तहत जानकारी प्राप्त करने की बात कहते हुए पालन प्रतिवेदन देने से साफ मना कर दिया गया।

### 3 दिन में उपस्थित होने निर्देश

जनता के साथ शासकीय सेवक के असंवेदनशील बर्ताव पर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कनिष्ठ अभियंता श्रीमती तिथि बछोतिया को कारण बताओ नोटिस जारी कर अधीक्षण अभियन्ता को उक्त प्रकरण का परीक्षण कर अधीनस्थ कर्मचारी के साथ समक्ष में उपस्थित होकर 3 दिवस में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया है।

### स्थाई कनेक्शन नहीं देने बनाया बहाना

बताया गया कि आवेदक का स्थाई कनेक्शन इस आधार पर निरस्त कर दिया गया कि ट्रांसफार्मर कम क्षमता का है। जबकि उसी ट्रांसफार्मर से आवेदक को अस्थाई कनेक्शन में लगातार बिजली की आपूर्ति की जा रही थी। कलेक्टर ने इस बहानेबाजी पर भी कनिष्ठ अभियंता को फटकार लगाई है। अब अधीक्षण अभियंता को उक्त प्रकरण में अपने अधीनस्थ कनिष्ठ अभियंता के साथ उपस्थिति होने के निर्देश दिए गए हैं।



# सद्भाव के साथ मना मारवाड़ी समाज का होली महोत्सव

## राजस्थान की प्रसिद्ध नृत्यांगना निष्ठा अग्रवाल ने राहुलबाग में दी मनमोहक प्रस्तुति

*कटनी,यशभारत। आपसी सदभाव के पावन पर्व होली पर मारवाड़ी समाज का होली महोत्सव रविवार को राहुल बाग में सायं 5 बजे से परस्पर सदभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। अखिल भारत वर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन कटनी शाखा व उसकी सहयोगी संस्था मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान की प्रसिद्ध नृत्यांगना निष्ठा अग्रवाल जयपुर 'की मनमोहक रंगारंग प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा आनंद में सराबोर हो गयी। युवा टीम ने शानदार नृत्य से होली के सांस्कृतिक कार्यक्रम को सतरंगी बना दिया।*



इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया जिन्होंने पिछले 50 वर्षों में समाज की एकता और समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। भगवान दास माहेश्वरी शकुंतला माहेश्वरी विजय सरावगी श्रीमती आनंदा सरावगी श्याम सुंदर गट्टानी राम जी गोयनका श्रीमती द्रोपती देवी सराफ धर्मपत्नी स्वर्गीय सत्यनारायण सराफ श्यामसुंदरखंडेलवाल जगदीश प्रसाद शर्मा राजस्थान ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण बजाज पप्पू भैया राजस्थान महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमति सुनीता रमेश अग्रवाल राजस्थानी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष नीरज गट्टानी राजस्थानी ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष पंकज शर्मा राजस्थानी खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र खंडेलवाल अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के कटनी शाखा के अध्यक्ष श्री शरद सरावगी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया रहे। कार्यक्रम में समाज की एकता और समाज का उत्थान करने के लिये व सामाजिक गतिविधियों के लिये एक सामाजिक भवन के लिये सभी ने एकमत होकर सामाजिक भावना रखी। सभी ने आगामी 24मार्च को निकलने वाले गणगौर शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में राजस्थान भवन सायं 4बजे पहुंचने निवेदन किया।कार्यक्रम में उपरोक्त विचार प्रवीण फजाज भगवान दास माहेश्वरी और समाज क्रांतिकारी वक्ता अजय सरावगी ने अपने विचार रखे। सुशील कुमार शर्मा सीए मधूसूदन बगडिया प्रदीप मित्तल माइंस वाले राजू अग्रवाल जालपा किशन शर्मा अधिवक्ता अजय सरावगी कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन संपत गट्टानी दीपक सरावगी सुरेश अग्रवाल हरीश जैन हल्दी राम नवनीत खंडेलवाल नारायण दास गट्टानी नान गोपाल गट्टानी प्रकाश सिंघानिया टिल्लू वेंकट सोमानी सतीश सरावगी पप्पू चमडिया विकास भूतिया पंकज तोलासरिया, नारायण बजाज, पप्पू सरावगी, सोमेश माहेश्वरी सहित बडी संख्या में स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन कटनी शाखा व मारवाड़ी युवा मंच के संयोजक, आशीष बजाज' और उनके साथी अनुराग बगडिया पियूष सरावगी पारस सरावगी सुमित बजाज अनुरूद्ध गट्टानी मेहुल मित्तल कृष्णा खंडेलवाल कुमारी श्रेया चमडिया कुमारी डा दिशा सरावगी कुमारी डॉक्टर आयुषी सरावगी आयुष सरावगी यश टायर आर्किटेक्ट आदित्य बजाज यश अग्रवाल ऋषभ सरावगी वेदांत गड़ोदिया तनुज बजाज पंकज बजाज पूथ्यूष बजाज एवं सभी युवाओ के द्वारा कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया।समस्त मारवाड़ी व राजस्थान के रहने वाले स्वजातीय बंधुओं ने गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली महोत्सव का आनंद उठाया सामाजिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा। अखिल भारतीय मालवाडी सम्मेलन के कटनी अध्यक्ष शरद सरावगी ने समस्त समाज लोगों के प्रति कार्यक्रम में सहभागिता निभाने पर ह्रदय से आभार व्यक्त किया।



# बस स्टैंड से चाका तक शीघ्र पूरा करें सड़क निर्माण

**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर पालिक निगम लोक निर्माण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष संतोष शुक्ला द्वारा एक अति आवश्यक समीक्षा बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य रुप से बरगवां क्षेत्र में बारिश के समय भरने वाली पानी की निकासी के समुचित प्रबंध एवं बस स्टैंड से चाका रोड का जल्द निर्माण कराए जाने तथा बची हुई अवैध कॉलोनियों के वैध करने के साथ शहर में बुजुर्गों महिलाओं बच्चों को बैठने के लिए खाली पड़ी भूमि में वाटिका तैयार करने हेतु कलेक्टर से मांग करने तथा पार्षदों के पत्रों के निराकरण की समय अवधि तय करने के अलावा ठेकेदारों के बिलों का भुगतान नियत समय पर करने के निर्देश प्रदान किए गए। आयोजित बैठक में कार्यपालन यंत्री शैलेश जायसवाल सहित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# कांग्रेसजनों ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से की मुलाकात

## विधानसभा चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी उतारे जाने की मांग





**कटनी,यशभारत।** बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं तथा कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ 15 मार्च 2022 को पूर्व जिला अध्यक्ष ठा. गुमान सिंह के सहित प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भोपाल पहुंचकर मुलाकात की गई। पूर्व जिलाध्यक्ष ठा. गुमान सिंह ने क्षेत्र के सभी नेताओं के साथ प्रतिनिधि मंडल के रूप में मिलने का समय कमलनाथ से मांगा था। तत्संबंध में कमलनाथ के द्वारा मिलने का समय 15 मार्च को सुबह दिया गया था। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य रूप से ठा. गुमान सिंह, डा. के.एल जैन, रामनरेश त्रिपाठी सहित बहोरीबंद विधानसभा क्रमांक 94 के तीनों ब्लाक अध्यक्ष अजय गर्ग, प्रदीप त्रिपाठी, डा. नरेंद्र राय तथा संगठन मंत्री महेंद्र जैन, विद्या पटेल, आर.के. यादव, विजय पटेल, मुकेश यादव, मंडलम अध्यक्ष रीतेष परौहा, कमलेश, ताम्रकार, कैलाश वर्मा, मनोज नायक, राकेश जैन, मंडम अध्यक्ष राकेश साहू, भुवनेष्वर गर्ग, रवि मिश्रा, नीरज पांडे इत्यादि 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल मिलकर कमलनाथ के सामने पुरजोर तौर पर क्षेत्र के हित को देखते हुए स्पष्ट किया है कि हमारा क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ है, अनेक समस्याएं हैं उन समस्याओं का तभी संभव है, जिसे इस क्षेत्र के विषय में सभी प्रकार की जानकारी हो। अर्थात क्षेत्रीय हो यदि यह कहा जाए कि सभी लोगों ने एकमतेन होकर कांग्रेस हाईकमान से स्थानीय क्षेत्रीय प्रत्याषी की मांग की है।




# इंटरनेशनल जॉब फेयर के आयोजन हेतु ऑनलाइन पंजीयन 19 मार्च तक

**कटनी,यशभारत।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम दिल्ली के द्वारा इंटरनेशनल जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी डी.के.पासी ने बताया कि जॉब फेयर मे जिले के कौशल प्रशिक्षण प्राप्त आवेदक अपना पंजीयन कौशल महोत्सव पोर्टल पर 19 मार्च तक लिंक पर अपना पंजीयन करा सकते है। जॉब के संबंध मे रिक्तियां एवं नियोजक से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर देखी जा सकती है।

# शहर को स्वच्छता में बनाएंगे नंबर वन

## स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम में सफाई मित्रों का हौसला बढ़ाया



**कटनी,यशभारत।** कटनी हमारा नगर स्वच्छ सुंदर दिखे एवं आने वाले 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश के शहरों में उच्चतम स्थान प्राप्त करे उसके लिए हम अपने सफाई मित्रों के साथ मिलकर हर कार्य को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करेंगे उक्त आशय के उद्गार बतौर मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने दीप प्रज्वलन कर बसस्टैंड ऑडिटोरियम में आयोजित स्वच्छता की पाठशाला जीरो वेस्ट इवेंट सफाई मित्रों की क्षमता वर्धन कार्यक्रम में बुधवार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है उन्होंने कहा कि बिना जन सहयोग के कोई भी कार्य पूरा नहीं हो सकता। आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे द्वारा स्वच्छता अभियान को शहर में उच्चतम पायदान पर ले जाने के लिए सफाई मित्रों का सहयोग यदि ऐसे ही मिलता रहेगा तो आने वाले समय में स्वच्छता के क्षेत्र में हमारा शहर उच्चतम पायदान पर पहुंचेगा। कार्यक्रम का संचालन अभिनय गर्ग वरिष्ठ सलाहकार परियोजना प्रबंधन इकाई द्वारा किया उनके द्वारा स्वछता सर्वेक्षण मे सफाई मित्रों की भूमिका नवीन सफाई प्रणाली एवं शासन की योजनाओं के बारे मे विस्तृत रूप से प्रस्तुतीकरण किया गया इस क्षमता वर्धन कार्यशाला के माध्यम से निकाय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों स्वछता मित्रों को स्वछता सर्वेक्षण 2023 के मानकों के अनुरूप जमीनी स्तर पर तैयारियों हेतु मार्गदर्शन दिया गया अंत मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों कर्मचारियों को प्रसंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही सहयोगी संस्था के जीशान खान द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बेहतर प्रदर्शन हेतु डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण को एवम बेहतर बनाने हेतु सफाई मित्रों से सुझाव भी आमंत्रित किये। कार्यक्रम के अंत मे आदेश जैन स्वछता नोडल अधिकारी द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाकर आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी दीपक टंडन सोनी नरेश अग्रवाल एमआईसी सदस्य सुभाष साहू अवकाश जायसवाल श्रीमती बीना बैनर्जी पार्षद सीमा श्रीवास्तव ओमप्रकाश बल्ली सोनी ओमी अहिरवार सहित नगर निगम के कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा संजय सोनी विक्रांत ब्राह्मण रवि शंकर पांडे रवि हनोते सुरेंद्र पांडेय जितेंद्र जाटव मुकेश व्यास अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।




# सिविल सर्जन को कारण बताओ नोटिस जारी

**कटनी,यशभारत।** जिला स्तरीय स्थानीय समाधान की समीक्षा के दौरान सी.एम.हेल्पलाइन की उपचार न मिलने, विलम्ब से मिलने, पूर्ण उपचार न मिलने तथा उपचार के उपरांत फॉलोअप न करने संबंधी लंबित शिकायत पर कार्यवाही पूर्ण न कर गलत निराकरण दर्ज करनें पर कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस मे जिला अस्पताल अंतर्गत वर्तमान समय में कुल लंबित शिकायतों एवं प्रर्दशित रैंक का लेख किया जाकर लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु पदस्थ कर्मचारी द्वारा उपस्थित न होने व प्रकरणों के निराकरण में सक्षम न होने व पूर्ण समय तक कार्यालय में उपस्थित न रहने के कारण जिले एवं विभाग की ग्रेडिंग प्रभावित होनें का लेख किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सिविल सर्जन डॉ वर्मा के उक्त कृत्य को निर्देशों की अवहेलना तथा पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता, शासन के कार्यो के प्रति लापरवाही तथा लोकसेवक पद के अपेक्षित आचरण के विपरीत म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए उक्त संबंध में 03 दिवस में शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराकर कराते हुए जवाब प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए है।

# 50 दिन से लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण किए जाने निर्देश

**कटनी,यशभारत।** सीएम हेल्पलाईन में प्रत्येक माह की 20 तारीख को जिले की ग्रेडिंग का निर्धारण किया जाता है। जिले की उच्च ग्रेडिंग को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के विभिन्न विभागों के एल-1 अधिकारियों को कार्यालय कलेक्ट्रेट जिला आपदा नियंत्रण कक्ष (लोक सेवा प्रबंधन शाखा) में उपस्थित होकर लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करानें के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने संबंधित एल-1 अधिकारियों को निराकरण उपरांत सायं 5:30 बजे शिकायतों के निराकरण की जानकारी सहित समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए है। अनुपस्थिति की दशा अथवा निर्देशों की अवहेलना व पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता, एवं शासन के कार्यो के प्रति लापरवाही करने पर संबंधितों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए है। दिनांक 16 मार्च को दोपहर 2 बजे मध्यप्रदेश सिविल एम्पजाईज कार्पोरेशन, जिला अस्पताल, उर्जा विभाग कनिष्ठ अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, राजस्व विभाग, उर्जा विभाग से खिरहनी 2 ग्रामीण के कनिष्ठ अभियंता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटनी तथा राजस्व विभाग और 16 मार्च को ही शाम 4 बजे उर्जा विभाग, पंचायती राज से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचासत रीठी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा, प्रकाश व्यवस्था नगर निगम से एस.ई., राजस्व विभाग, प्रसूती सहायता, खाद्य आपूर्ति अधिकारी को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। साथ ही 17 मार्च को शाम 4 बजे परिवहन विभाग, पंचायती राज, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, उर्जा विभाग, राजस्व विभाग, खनिज साधन विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, प्रसूति सहायता और नगर निगम के साफ सफाई एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सहायक कार्यालय अधीक्षक को उपस्थित होने के निर्देश दिए ग है।



# महापौर व निगम अध्यक्ष ने किया ई-केवाईसी सेंटर का निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** कटनी मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित की जा रही लाडली बहना योजना के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में हितग्राहियों की सुविधा को देखते हुए प्रारंभ किए गए ई केवाईसी सेंटर का महापौर प्रीति संजीव सूरी ननि अध्यक्ष मनीष पाठक की उपस्थिति में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। ई केवाईसी सेंटर में आने वाली प्रत्येक महिला हितग्राहियों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए हर व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाए तो वही आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन पर उपायुक्त वित्त पी के अहिरवार द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर संचालित ई केवाईसी सेन्टरों की सतत मॉनीटरिंग करते हुये योजना का कुशल क्रियान्वयन किया जा रहा है। एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी अवकाश जायसवाल सुभाष साहू पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव सुमित्रा रावत ओमप्रकाश बल्ली सोनी उमेंद्र अहिरवार उपस्थित रहे।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

From 17th March 2023

| Cineworldz Cinema Katni by CMW | | |
| --- | --- | --- |
| Schedule for the week 17 to 23 March,2023 | | |
| Tuesday Offer @99 all Day, all show* | | |
| Audi-01 | Show | Rate |
| Tu Jhoothi Main Makkaar | 10.15.00 AM | 100-100-100-250 |
| Tu Jhoothi Main Makkaar | 1.15.00 PM | 130-160-190-300 |
| Kabzaa 2D Hindi | 4.15.00 PM | 130-160-190-300 |
| Kabzaa 2D Hindi | 6.45.00 PM | 130-160-190-300 |
| Kabzaa 2D Hindi | 9.15.00 PM | 130-160-190-300 |
| Audi-02 | Show | Rate |
| SHAZAM! 2D Hindi | 1.30.00 PM | 130-160-190-300 |
| SHAZAM! 2D Hindi | 4.00.00 PM | 130-160-190-300 |
| Tu Jhoothi Main Makkaar | 7.00.00 PM | 130-160-190-300 |
| SHAZAM! 2D Hindi | 10.00.00 PM | 130-160-190-300 |
| Audi-03 | Show | Rate |
| Kabzaa 2D Hindi | 10.30.00 AM | 90-90-90 |
| Kabzaa 2D Hindi | 1.00.00 PM | 120-150-150 |
| Tu Jhoothi Main Makkaar | 3.30.00 PM | 120-150-150 |
| SHUBH NIKAH 2D hindi | 6.30.00 PM | 120-150-150 |
| Kabzaa 2D Hindi | 9.30.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन पर फंसे हार्दिक पांड्या, किसे बैठना होगा बाहर!

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज शुरू होने में अब महज एक ही दिन शेष रह गया है। दोनों टीमों के खिलाड़ी मुंबई पहुंच चुके हैं, जहां के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में ये मुकाबला 17 मार्च को खेला जाएगा। पहले मैच में टीम की कमान हार्दिक पांड्या के हाथ में होगी, क्योंकि रोहित शर्मा परिवार के एक आयोजन में शामिल हो रहे हैं। लेकिन दूसरे वनडे से पहले वे अपनी टीम से जुड़ जाएंगे। हार्दिक पांड्या के लिए इस मैच में बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि वे टी20 में तो भारतीय टीम की कमान पहले भी संभाल चुके हैं, वनडे में पहली बार कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। लेकिन इससे पहले कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने सामने हों, हार्दिक पांड्या के लिए सबसे बड़ी मुश्किल प्लेइंग इलेवन चुनने की होगी। क्योंकि बीसीसीआई के सेलेक्टर्स ने एक मजबूत टीम इस सीरीज के लिए चुनी है, अब सवाल ये है कि आखिरी 11 में कौन सा खिलाड़ी खेलेगा और किसे बाहर बैठना पड़ता है।



### शार्दुल ठाकुर और वॉशिंगटन सुंदर में से एक को ही मिलेगा मौका

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में होने वाले पहले वनडे की बात की जाए तो रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल और इशान किशन का ओपनिंग करना करीब करीब तय है। यानी इन दोनों की प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की मानी जानी चाहिए। लेकिन साथ ही इन दोनों खिलाड़ियों पर दबाव इस बात का भी होगा कि अगले मैच यानी दूसरे मुकाबले में जब रोहित शर्मा की वापसी होगी तो कौन सा ?खिलाड़ी बाहर बैठेगा, जाहिर है कि पहले मैच में जिसका भी बल्ला नहीं चलेगा, उसे बाहर बैठना पड़ सकता है। इसके बाद विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव की जगह करीब करीब पक्की है। केएल राहुल की एक बार फिर से टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में वापसी की संभावना है। श्रेयस अय्यर चुंकि इस सीरीज से बाहर हो चुके हैं, इसलिए राहुल को प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने के लिए ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। इसके बाद खुद कप्तान हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा खेलेंगे, इसमें भी ज्यादा शक नहीं होना चाहिए। अब सवाल ये है कि शार्दुल ठाकुर और वॉशिंगटन सुंदर में से किसे प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी। माना जा रहा है कि इन दोनों में से एक ही खिलाड़ी खेलेगा। दोनों ऑलराउंडर हैं। हार्दिक पांड्या इन दोनों में से एक चुनेंगे, इसके बाद अगले नंबर पर भी मुश्किल है। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल में से भी माना जाना चाहिए कि एक ही खिलाड़ी खेलेगा। इस बीच संभावना जताई जा रही है कि वनडे में कुलदीप यादव और टी20 में युजवेंद्र चहल खेलेंगे। ऐसे में कुलदीप यादव को मौका मिलने की संभावना ज्यादा है।

### जयदेव उनादकट को करना पड़ सकता है टीम में खेलने का इंतजार

तेज गेंदबाज के रूप में मोहम्मद शमी और सिराज हैं ही। साथ ही हार्दिक पांड्या को विचार ये भी करना पड़ेगा कि दस साल बाद भारत की वनडे टीम में वापसी करने वाले जयदेव उनादकट को खेलाया जाए या नहीं। जयदेव उनादकट भी टीम में शामिल होने के प्रबल दावेदार हैं। लेकिन हो सकता है कि उन्हें पहले मैच से बाहर बिठाया जाए और पहले मैच में शार्दुल ठाकुर के अलावा मोहम्मद शमी और सिराज को मौका दिया जाए। साथ ही अगर जरूरत पड़ी तो हार्दिक पांड्या खुद भी मीडियम पेस करते ही हैं। अगर इसी लाइन पर प्लेइंग इलेवन रहीं तो माना जाना चाहिए कि अक्षर पटेल, उमरान मलिक, जयदेव उनादकट को पहले मैच से बाहर बैठना पड़ सकता है। हालांकि असली प्लेइंग इलेवन का ऐलान तो हार्दिक पांड्या तभी करेंगे, जब दिन में ठीक एक बजे दोनों कप्तान मैदान पर टॉस के लिए पहुंचेंगे।

### पहले वनडे में टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग इलेवन

शुभमन गिल, ईशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज सिराज।

# दिल्ली कैपिटल्स को मिला नया कप्तान



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 की शुरुआत में अब कुछ ही दिन का समय बचा हुआ है। इस लीग के शुरू होने से पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में दिल्ली कैपिटल्स की कमान कौन सा खिलाड़ी संभालेगा। बता दें कि पंत कार एक्सीडेंट में घायल होने के बाद आईपीएल 2023 से पहले ही बाहर हो चुके हैं। लेकिन अब दिल्ली को उनका नया कप्तान मिल चुका है।

### ये खिलाड़ी बनेगा दिल्ली का नया कप्तान

ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में दिल्ली की कमान डेविड वॉर्नर को मिलने जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली का नया कप्तान डेविड वॉर्नर को बनाया जा रहा है। डेविड वॉर्नर में कप्तान बनने के लिए वह हर खूबी है जो एक खिलाड़ी में होनी चाहिए। इस खिलाड़ी को पहले से आईपीएल में कप्तानी करने का लंबा अनुभव है।

### पिछले साल पंत हो गए थे चोटिल

भारतीय टीम के सुपरस्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले साल एक भयानक रोड एक्सीडेंट में घायल हो गए थे। इसके बाद उनका मुंबई और देहरादून में इलाज हुआ। कुछ समय से पहले उनकी बैसाखी के सहारे चलते हुए तस्वीर सामने आई थी। वह क्रिकेट से दूर हैं और उनके भारतीय टीम में जल्दी वापसी के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

### 2016 में सनराइजर्स को जिताया है खिताब

डेविड वॉर्नर ने आईपीएल में बतौर कप्तान शानदार प्रदर्शन किया है। आईपीएल में उन्हीं की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने खिताब जीता था। साल 2018 में हुए बॉल टेम्परिंग हादसे के बाद डेविड वॉर्नर को सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने भी कप्तान के रूप से हटा दिया था। उनके कप्तानी से हटते ही सनराइजर्स हैदराबाद टीम ने आईपीएल में खराब प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद पिछले साल दिल्ली की टीम ने वॉर्नर को एक बार फिर अपनी टीम में शामिल किया और ये खिलाड़ी अब कप्तानी करने के लिए तैयार है।

# मुरली ने पृथ्वी को टीम में जगह नहीं मिलने पर सवाल उठाये

**मुम्बई (ईएमएस)।** पूर्व क्रिकेटर मुरली विजय ने सलामी बल्लेबाज पृथ्वी के टीम से बाहर होने पर सवाल उठाये हैं। मुरली ने कहा कि इस बारे में कोई भी बात टीम प्रबंधन से पूछनी चाहिये। पृथ्वी घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद भी काफी समय से टीम से बाहर हैं। टीम में युवा शुभमन गिल ने हाल के समय में सलामी बल्लेबाज के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। ऐसे में पृथ्वी के लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल हो रहा है। विजय ने कहा, मुझे नहीं पता कि वह अब क्यों नहीं खेल रहा है। टीम प्रबंधन से पूछना चाहिए। उन्होंने शुभमन के प्रदर्शन पर कहा कि टीम में 15 सुपरस्टार खेल रहे हैं। यदि आप भारत के लिए खेल रहे हैं, तो आप पहले से ही मेरे लिए एक सुपरस्टार हैं पर कौशल की बात करें तो मैं वास्तव में शुभमन और पृथ्वी को चाहता हूं। ये दोनो ही शीर्ष खिलाड़ी हैं। वहीं आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बेहतरीन काम किया है। मैं उनके शीघ्र ठीक होकर वापसी की उम्मीद करता हूं। बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। विजय ने पृथ्वी और शुभमन के अलावा लोकेश राहुल को लेकर कहा कि वह भी अपनी लय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वह जानता है कि यह क्या है और उसे वापसी करने के लिए क्या करने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि उसे अकेला छोड़ दिया जाना चाहिए और इस समय उनकी जांच नहीं की जानी चाहिए। यह किसी भी क्रिकेटर के साथ होता है। मुझे लगता है कि राहुल को इस समय में आसान बनाना चाहिए। उसे अपने खेल की मूल बातों पर ध्यान देने के साथ ही अपने कौशल को निखारने पर काम करना चाहिये।



# आईपीएल में आरसीबी की किस्मत बदल सकेगा ये श्रीलंकाई स्पिनर

**मुम्बई (ईएमएस)।** आईपीएल के 16 वें सत्र की शुरुआत इस माह के अंत में होगी। इसमें आरसीबी की ओर से खेल रहे श्रीलंकाई स्पिन स्पिन ऑलराउंडर वानिन्दु हसरंगा हसरंगा के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। हसरंगा अपनी रहस्यमयी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। हसारंगा ने आईपीएल करियर में आरसीबी की ओर से कुल 18 मुकाबलों में 26 विकेट लिए हैं। आईपीएल का 16वां सीजन 31 मार्च शुक्रवार से शुरू होने वाला है। इसमें आरसीबी अपना पहला मुकाबला 2 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगी। आरसीबी को हालांकि टूर्नामेंट के शुरुआती कुछ मुकाबलों में हसरंगा के बिना ही उतरना होगा। इसका कारण है कि वह न्यूजीलैंड के साथ खेली जाने वाली सीमित ओवरों की क्रिकेट सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम में शामिल है। अभी श्रीलंकाई टीम न्यूजीलैंड दौरे पर है। श्रीलंका और कीवी टीम के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय और इतने ही मैच की टी20 सीरीज भी खेली जाएगी। जिसके कारण से हसारंगा आरसीबी के लिए शुरुआती मैच नहीं खेल पायेंगे।

# एफआईएच प्रो लीग - भारतीय हॉकी टीम ने पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को हराया

### श्रीजेश का शानदार प्रदर्शन

**राउरकेला (ईएमएस)।** भारत ने एफआईएच प्रो लीग हॉकी के दूसरे चरण के मैच में पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। भारतीय टीम की इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह दूसरी जीत है। इस मैच में तय समय तक दोनो ही टीमें 2-2 से बराबरी पर थी। भारत की जीत में अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश की शानदार गोलकीपिंग रही। शूटआउट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराया। इस टूर्नामेंट में चौथी जीत के साथ ही भारतीय टीम अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर और बेहतर स्थिति में पहुंच गयी है। भारत की ओर से पहला गोल विवेक सागर ने खेल के दूसरे ही मिनट में कर दिया। इसके बाद सुखजीत सिंह ने 47वें मिनट में एक गोल कर भारत की बढ़त को बढ़ा दिया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एफ्राम्स ने 37वें और 52वें मिनट में दो गोल किये। तय समय तक मैच का परिणाम नहीं निकलने के बाद मैच शूटआउट में पहुंच गया। जहां भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अलावा, सुखजीत और दिलप्रीत सिंह ने गोल किए। भारत ने इस मैच में शानदार शुरुआत की। उसे दूसरे मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला। कप्तान हरमनप्रीत की शक्तिशाली ड्रैग-फ्लिक को ऑस्ट्रेलिया के कीपर जोहान डर्स्ट ने पैड से दूर कर दिया लेकिन रिबाउंड पर विवेक सागर ने गोल दाग दिया। विवेक का यह भारतीय टीम की ओर से 100वां मैच था। दूसरा क्वार्टर गोल रहित रहा। ऑस्ट्रेलिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद 37वें मिनट में एक गोल किया। नाथन एफ्राम्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर यह गोल किया। वहीं मैच के 47वें मिनट में सुखजीत ने मैदानी गोल कर भारत को फिर से आगे कर दिया। इसके बाद 52वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को एक पेनल्टी कार्नर मिला जिस पर उसने गोल दाग दिया।



## रंग संसार

# दुबई में भोजपुरी अवॉर्ड शो में छाए गोविंदा और जैकलिन फर्नांडीस, जमकर किया डांस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों अवॉर्ड शो का सीजन चल रहा है। लॉस एंजेलिस में हुए ऑस्कर में भारत का नाम छाया रहा। वहीं दुबई में बुधवार रात छटवें इंटरनेशनल भोजपुरी फिल्म अवार्ड 2023 (IBFA 2023) का आयोजन हुआ। जहां पहली बार भोजपुरी अवॉर्ड शो में शामिल हुई जैकलिन फर्नांडीस का धमाल परफॉर्मेंस और हीरो नंबर 1 गोविंदा का जलवा देखने को मिला, वहीं सांसद मनोज तिवारी, जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ, पावर स्टार पवन सिंह, भोजपुरी स्क्रीन की मोस्ट प्रामिसिंग एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे, निर्माता निशांत उज्ज्वल, निर्देशक रजनीश मिश्रा और रंजन सिन्हा समेत अन्य विभिन्न कटेगरी में फिल्म जगत से जुड़े लोगों को सम्मानित भी किया गया।



### भोजपुरिया झूमादे बुर्ज खलीफा

भोजपुरिया झूमादे बुर्ज खलीफा की थीम पर आयोजित IBFA 2023 में मुख्य आकर्षण रही बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीस, जिन्होंने इस अवॉर्ड समारोह में शिरकत करते हुए हॉल में मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं गोविंदा ने भी इस दौरान लोगों का खूब मनोरंजन किया। उन्होंने अपने डांस और ह्यूमर, हर मामले में IBFA 2023 के मंच हाई जैक कर लिया।

### रश्मि देसाई ने दिखाए लटके-झटके

बिग बॉस फेम रश्मि देसाई ने भी अपने लटके-झटकों से सबका मन मोह लिया। उन्होंने एक के बाद एक चार्ट बस्टर गानों पर लाजवाब डांस मूव्स से लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके भोजपुरी सितारों ने भी अपने गानों पर IBFA 2023 की शाम को हसीन और यादगार बनाने में को कसर नहीं छोड़ी।

### बॉलीवुड की इन हस्तियों ने की शिरकत

आपको बता दें कि IBFA 2023 में बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक मधुर भंडारकर, अशोक पंडित, निर्माता टी पी अग्रवाल और निर्माता निशांत पिटी ने भी शिरकत की। अवार्ड शो में सबका वेलकम प्रस्तुतकर्ता व इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने किया।

# अनन्या पांडे से पहले स्मोकिंग करते हुए पकड़े गए थे ये सितारे, खुलेआम उड़ाए थे धुएं के छल्ले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की स्टार किड में से एक अनन्या पांड ने हाल ही में अपने किजन अलाना पांडे की संगीत में शामिल हुई थी, जहां से उनकी स्मोकिग करते हुए एक फोटो दमकर वायरल हुई थी और फिर क्या था उन्हें जमकर ट्रोल किया गया. फिलहाल अनन्या की इस तस्वीर ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है. हालांकि अनन्या ऐसी पहली एक्ट्रेस नहीं हैं जो सिगरेट पीते हुए दिखाई दीं. बॉलीवुड में बहुत सारी हीरोइनें ऐसी हैं जिन्हें कई बार सिगरेट पीते हुए देखा गया है. वैसे इस लिस्ट में बॉलीवु के हीरे भी अपनी जगह बनाते हैं, तो चलिए जानते हैं कौन से हैं वो सितारे जो इस लिस्ट में शामिल हैं. बॉलीवुड के किंग खान यानि की शाहरुख खान के बारे में शायद कम ही लोग जानते हैं कि वो एक चेन स्मोकर हैं और हर रोज करीब 100 से लेकर 120 सिगरेट तक पीते हैं, बता दें कि शाहरुख़ का परिवार उनकी इस आदत से काफी परेशान रहता है इसके बावजूद शाहरुख़ सिगरेट पीने नहीं छोड़ पाते हैं।



सलमान खान- सलमान खान और शाहरुख खान बेहद करीबी दोस्त हैं और उन दोनों के बीच कई चीजें कॉमन भी हैं और इन्हीं चीजों में सिगरेट पीने की आदत भी शामिल है, बता दें कि बॉलीवुड के दबंग खान फिल्मों में तो बेहद संस्कारी करते हैं लेकिन असल जिंदगी में उन्हें सिगरेट पीने की बुरी आदत है।

प्रियंका चोपड़ा- प्रियंका चोपड़ा अपने जन्मदिन को सेलिब्रेट करने के लिए मियामी गई थीं, वहां से एक तस्वीर सामने आई थीं. फोटो में प्रियंका मां मधु चोपड़ा और पति निक जोनस संग सिगरेट पीते हुए दिखाई दीं. जिसके बाद ट्रोलर्स ने उनकी जमकर क्लास लगा दी थी।

सुष्मिता सेन- अभिनेत्री सुष्मिता सेन की भी सिगरेट पीते हुए तस्वीर सामने आई थी, जिसके बाद ट्रोलर्स ने उनका खूब मज़ाक उड़ाया था. इंडस्ट्री में सुष्मिता को उनकी फिटनेस की वजह से भी जाना जाता है. हालांकि हाल ही में उन्हें हार्ट अटैक आया था जिसके बाद से हर कोई हैरान रह गया था।

मनीषा कोइराला- रणबीर कपूर की फिल्म संजू में दिखाई दे चुकी एक्ट्रेस मनीषा कोइराला के बारे में शायद आप नहीं जानते होंगे लेकिन वो एक चेन स्मोकर हैं. बता दें कि मनीषा कैंसर से भी जूझ चुकी हैं लेकिन स्मोकिंग को उन्होंने कभी भी अलविदा नहीं कहा।

रणबीर कपूर- अगर आपको याद हो तो पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान, अभिनेता रणबीर कपूर के साथ न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्मोकिंग करती हुई नजर आई थीं. दोनों की ये तस्वीर काफी वायरल हुई थी और तो और उस वक्त दोनों के अफेयर की भी अफवाहें खूब उड़ी थीं।

# विद्युत जामवाल और नंदिता महतानी का हुआ ब्रेकअप, दो साल पहले ताजमहल में की थी सगाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार और फिटनेस आइकॉन विद्युत जामवाल और फैशन डिजाइनर नंदिता महतानी बीते कई साल से डेट कर रहे थे। दोनों ने साल 2021 में प्यार की निशानी ताज महल के सामने सगाई की थी। लेकिन अब इस कपल को लेकर एक दुख भरी खबर सामने आई है। खबर है कि इस कपल ने अब अपने रास्ते अलग-अलग करने का फैसला लिया है। सगाई के दो साल बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया है। जी हां! विद्युत जामवाल और फैशन डिजाइनर नंदिता महतानी ने अलग होने का फैसला किया है। दोनों ने दो साल पहले सगाई की थी। न्यूज एजेंसी आइएएनएस के एक करीबी सूत्र के मुताबिक, विद्युत और नंदिता को बुधवार को डियान पांडे की बेटी अलाना के हल्दी समारोह में एक साथ देखा गया था। हालांकि इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे से दूरी बनाए रखी। हल्दी सेरेमनी में मौजूद एक सूत्र ने कहा, सामाजिक रूप से अलग रहना उनकी दूरी के पीछे का एक कारण माना जा रहा है। हालांकि, सूत्र ने कहा कि वे एक-दूसरे का सम्मान करते हैं, अच्छे दोस्त हैं और एक-दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

### 2021 में हुई थी सगाई

आपको बता दें कि साल 2021 में इस कपल ने ने आगरा के ताजमहल में सगाई की थी। नेहा धूपिया ने सोशल मीडिया पर इस सगाई की तस्वीरें शेयर की थीं। तस्वीर में दोनों काफी खुश दिख रहे थे। नंदिता के हाथ में बड़ी सी हीरे की अंगूठी ने भी सबका ध्यान खींचा था।

# इस्लाम के लिए छोड़ा था करियर, अब सना खान के पति ने किया प्रेग्नेंसी का खुलासा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिग बॉस 6 से घर-घर में पहचान पाने वाली एक्ट्रेस सना खान को इंडस्ट्री को छोड़ तकरीबन 3 साल बीत चुके हैं। लेकिन आज भी उनके फैंस उनके बारे में हर अपडेट जानने के लिए बेताब रहते हैं। जब उन्होंने इस्लाम के लिए ग्लैमर इंडस्ट्री को छोड़ने का ऐलान किया तो उनके फैंस को यकीन नहीं हुआ था। इंडस्ट्री छोड़ने के बाद उन्होंने मुफ्ती अनस सईद से निकाह किया और तब से अब तक लगातार चर्चाओं में बनी रहती हैं। सना ने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वह प्रेग्नेंट हैं और जल्द ही मां बनने वाली हैं।

### इंटरव्यू में फैंस को दी खुशखबरी

पूर्व अभिनेत्री सना खान ने शादी के तीन साल बाद अपने फैंस को इस बड़ी खुशखबरी से चौंका दिया है। सना खान जल्द ही मां बनने वाली हैं। इस बात का खुलासा तब हुआ जब उनके पति अनस सईद एक टीवी चैनल को इंटरव्यू दे रहे थे। टीवी चैनल इकरा से हुई बातचीत में सना और अनस के जीवन की गुड न्यूज सामने आई है। इंटरव्यू में अनस ने बताया कि वह जल्द ही पिता बनने वाले हैं। इस खबर के सामने आने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इस कपल को बधाईयां दे रहे हैं।

### मदरहुड को लेकर एक्साइटेड हैं सना

इस इंटरव्यू में जैसे ही अनस ने सना खान की प्रेग्नेंसी की खबर सुनाई तो सारे सवाल और बातें इसी बारे में होने लगीं। सना ने भी पति की बात को कंफर्म किया और बोलीं कि वह दोनों जल्द ही पैरेंट्स बनने वाले हैं। सना ने कहा कि वह मदरहुड एंजॉय करने के लिए बहुत ही एक्साइटेड हैं। उन्होंने कहा कि अपने बचे को बाहों में लेने के लिए वह इंतजार नहीं कर पा रही हैं।

### इन फिल्मों में नजर आई थी सना

सना के काम को लेकर बात करें तो उन्होंने साल 2005 में आई अडल्ट फिल्म ये है हाई सोसाइटी से करियर शुरू किया था। इसके बाद वह कई टीवी एड में नजर आई। सना ने हिंदी ही नहीं बल्कि तमिल, तेलूगु, मलयालम और हिंदी फिल्मों में भी खूब काम किया है। सना को सलमान खान के शो बिग बॉस 6 ने घर-घर में फेमस कर दिया था। सना ने सलमान खान के साथ जय हो में काम किया था। वह आखिरी बार स्पेशल ओप्स के सीजन 1 में नजर आई थीं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में बदहाली छिपाने शुरू हुए प्रयास

यश भारत **खबर विशेष**

कटनी, यशभारत। स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को सुंदर दिखाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू हो गई हैं। बदहाली छिपाने की भरपूर कोशिश की जा रही है। सड़कों को चकाचक किया जा रहा है। रंग-रोंगन के साथ ही साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नगर निगम प्रशासन की कोशिश है कि पिछले सालों की तुलना में इस साल रेटिंग में सुधार हो, यही कारण है कि मार्च क्लोजिंग में बकाया करों की वसूली के साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण की तरफ भी फोकस किया जा रहा है। पूरे अभियान की कमान नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने संभाल रखी है। हर दिन इसको लेकर मॉनीटरिंग की जा रही है।

## रंग-रोंगन के साथ ही साफ-सफाई पर फोकस, रेटिंग सुधारने की कवायद में जुटा नगर निगम प्रशासन

### मार्च के अंत में आ सकती है सर्वेक्षण टीम, शहर को सुंदर दिखाने की कोशिश

स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार देरी हो रही है। हर बार जनवरी या फरवरी में सर्वेक्षण के लिए दिल्ली से टीम आ जाती थी, लेकिन इस बार मार्च का आधा महीना बीत चुका है, इसके बाद भी भी टीम का कुछ अता-पता नहीं है। इसको लेकर जब नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे से बात की गई तो उनका कहना था कि अब हर तीन महीने में स्वच्छता सर्वेक्षण होता है और टीम के अधिकारी कभी-भी कटनी आकर सर्वेक्षण करके चले जाते हैं। नगर निगम प्रशासन ने हर बार ही तरह इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रेटिंग प्राप्त करने के लिए कोशिश शुरू कर दी है।



स्वच्छ सर्वेक्षण

### इस बार ज्यादा अंकों का होगा सर्वेक्षण

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण पिछले वर्षों की तुलना में थोड़ा अलग होगा। इस बार कई नए बिंदु तय किए गए हैं, वहीं सर्वेक्षण के अंक भी ज्यादा रहेंगे। सर्वेक्षण 9500 अंकों का होगा। पहले सर्वेक्षण 7500 अंकों का होात था। इस बार दो हजार अंक बढ़ा दिए गए हैं। सर्वेक्षण में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने, शहर को रेड स्पॉट पान-गुटके की पिक खत्म करने, स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता, होटलों में थ्री-आर प्रतियोगिता जैसे बिंदुओं को शामिल किया गया है। इन सभी पर नगर निगम काम रहा है। शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाना व वायु प्रदूषण मुक्त करना नगर निगम के लिए इस बार सबसे बड़ा टास्क है। उधर सर्वेक्षण में इस बार वेस्ट प्रोसेसिंग फेसेलिटी का दो बार फील्ड सर्वे किया जाना तय किया गया है। इसमें से एक सर्वे दिसंबर में हो चुका है। दूसरा सर्वे जब टीम सर्वेक्षण के लिए आएगी तब किया जाएगा।

### अब चार चरणों में होगा सर्वेक्षण

हर बार की तरह इस बार भी केंद्र सरकार ने सर्वेक्षण में काफी बदलाव किया है। सर्वेक्षण चार चरणों में होगा। इस बार सिटीजन फीडबैक सबसे पहले लिए जाएंगे। इससे पहले अंतिम चरण में सिटीजन फीडबैक लिया जाता था। बताया जा रहा है कि इस बार फोन पर सिटीजन फीडबैक लिया जाएगा। इसके अलावा शहरवासियों को क्या सुविधा मिल रही है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस बार नया यह है कि सीवरेज के पानी का ट्रीटमेंट हो रहा है या नहीं, इसके भी अंक निर्धारित किए गए हैं लेकिन कटनी नगर निगम की बात करें तो अभी तक यहां सीवर लाइन का काम ही पूरा नहीं हो पाया है, इसलिए इसके अंक कटनी नगर निगम को नहीं मिलेंगे।

### वाटर प्लस के लिए नहीं किया दावा

जानकारी के अनुसार स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत प्रदेश की कई नगर निगमों ने इस बार वाटर प्लस सार्टिफिकेट के लिए भी दावा किया है, लेकिन खबर है कि कटनी नगर निगम प्रशासन ने इसके लिए अपना दावा नहीं किया है। इसके पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। जिन नगर निगमों ने वाटर प्लस सार्टिफिकेट के लिए दावा किया है, उन्हें स्वच्छता सर्वेक्षण में अतिरिक्त अंक मिलेंगे। वाटर प्लस के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक हजार अंक निर्धारित किए गए हैं। सर्वे का उद्देश्य जलाशयों, नदियों और तालाबों को स्वच्छ रखना है। आयुक्त ने भी इस बात की पुष्टि की है।

### इनका कहना है

नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। पूरा प्रयास है कि पिछले सालों की तरह इस साल भी कटनी नगर निगम को अच्छी रेटिंग मिले। स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम अब हर तीन महीने में निरीक्षण के लिए आती है, इसलिए स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए तरह समय तैयारी रहती है। अभी फिलहाल मार्च के अंत या अप्रैल के प्रथम सप्ताह में टीम आने की संभावना है। अमले को तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं। मई और जून के महीने में स्वच्छता सर्वेक्षण का रिजल्ट सामने आएगा। वाटर प्लस सार्टिफिकेट के लिए दावा नहीं किया है।

**-सत्येन्द्र सिंह धाकरे**
**आयुक्त नगर निगम**

# विद्युत साज सज्जा के लिए भवन में रखी तार ले गए जेई



### सिंधु नौजवान मंडल ने ईई से की जेई की शिकायत

**कटनी, यशभारत।** नई बस्ती में आज सुबह उस समय हंगामा हो गया, जब विद्युत विभाग के एक जेई द्वारा विद्युत साज सज्जा के लिए भवन में रखे तार को अनाधिकृत रूप से जब्त कर लिया गया। इसको लेकर सिंधी समाज के लोगों ने मौके पर ही इसका विरोध किया एवं मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता से लिखित शिकायत की। शिकायत में बताया गया है कि सिंधु नौजवान मंडल, झूलेलाल मंदिर नई बस्ती में झूलेलाल महोत्सव के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्युत साज-सज्जा का कार्य दीप टेंट हाउस के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसकी सजावट हेतु विद्युत की तार भवन में रखी हुई थी। आज सुबह जूनियर इंजीनियर सुबोध सिंह अनाधिकृत तरीके से परिसर में रखी विद्युत तार काटकर ले गए। मना करने पर टेंट कर्मचारियों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया। सिन्धु नौजवान मंडल ने कार्यपालन अभियंता से तार वापस करने एवं जेई के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### बाइक सवार युवक हादसे का शिकार, एक की मौत

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनगवा गांव में बाइक सवार दो युवकों ने पैदल जा रहे युवक को ठोकर मार दी। हादसे में तेज रफ्तार में बाइक होने के कारण एक युवक की मौके पर ही मौके हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ढीमरखेड़ा पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम बनगवां के पास अभिषेक बर्मन पिता अशोक बर्मन 21 वर्ष निवासी बनगवां सड़क किनारे पैदल जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार नवल झरिया पिता अनूप झरिया उम्र 21 वर्ष और अरविंद झारिया पिता शिव चरण झारिया उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी सिमरिया मोटरसाइकिल से आ रहे थे। तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित हुआ और बाइक सवारों ने अभिषेक को ठोकर मार दी। जिसमें अरविंद को मौके पर ही मौत हो गई वहीं अभिषेक बर्मन और नवल झारिया गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को उमरियापान अस्पताल पहुंचायाए जहां से अभिषेक को हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया है।

# शालीमार मार्केट में व्यापारियों को डरा धमकाकर मांग रहे थे गुंडा टैक्स

### विरोध करने पर दी धमकी, दो को दबोच कर पुलिस के हवाले किया, मामला दर्ज



**कटनी, यशभारत।** व्यापारियों को डरा धमकाकर होली के नाम पर अवैध वसूली करने वाले युवकों के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है। यह घटना गुरूवार की दोपहर स्टेशन चौराहा के समीप स्थित शालीमार मार्केट में उस समय घटित हुई, जब चार-पांच युवक खुद को रंग लगाकर व्यापारियों से अवैध वसूली करने के लिए यहां पहुंच गए। असामाजिक तत्वों की लूटखसोट एवं धमकी की शिकायत तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई और मौके पर ही दो युवकों को दबोच लिया गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में व्यापारी कोतवाली थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली टीआई अजय सिंह ने बताया कि शालीमार मार्केट में अवैध वसूली को लेकर शिकायत मिलने पर दो युवकों के खिलाफ पर धारा 327, 294, 506, 34 का मामला कायम किया है। व्यापारियों ने बताया कि गुरूवार की दोपहर को वे रोजाना की तरह शालीमार मार्केट में ग्राहकी में लगे हुए थे, इसी दौरान कुछ युवक आए। वे हाथ में रंग से भरे डिब्बे लिए हुए थे। उन्होंने व्यापारियों को धमकाना शुरू कर दिया और होली को लेकर पैसों की मांग की, साथ ही कहा कि जो व्यापारी पैसा नहीं देगा, उसकी दुकान में वे रंग फेंकेगे। युवकों ने बाजार में काफी देर तक हंगामा मचाया। व्यापारियों ने जब युवकों का विरोध किया तो उन्होंने कैंची लेकर धमकी देनी शुरू कर दी। जिसके बाद बाजार के व्यापारी एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी। इस दौरान युवकों के साथ व्यापारियों की झूमाझटकी भी हुई। कोतवाली पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद भी युवक धमकी देते रहे। पुलिस ने युवकों को हिरासत में लिया और थाना लेकर पहुंची, जहां पर व्यापारियों की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनको गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में नदीपार निवासी विवेक उर्फभालू साहू 21 वर्ष व अनिल कुचबंधिया 34 वर्ष निवासी हनुमान बाग करेली शामिल हैं।

### पति, सास और ससुर को 6-6 महीने की सजा

**कटनी, यशभारत।** विवाहिता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले पति, सास व ससुर को न्यायालय ने सजा सुनाई है। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने अभियुक्तगण शंकर जाटव, अनंतराम जाटव व लक्ष्मी जाटव सभी निवासी बड़ी मस्जिद के पीछे रोशननगर को धारा 498 ए के आरोप में 6-6 माह के सश्रम कारावास और 500-500 रुपए के अर्थदंड से तथा अभियुक्तगण शंकर एवं लक्ष्मी को धारा 323, 34 भादंसं के आरोप में 500-500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग ने बताया कि फरियादिया द्वारा थाना माधवनगर में इस आशय की रिपोर्ट लिखाई गई थी कि उसका विवाह अभियुक्त शंकर जाटव के साथ करीब डेढ़ साल पहले हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। वह शादी के बाद दो.तीन बार ससुराल रोशननगर आई गई थी। उसके दो जुड़वा बच्चे हुये थे। जो खत्म हो गये थे। इसके बाद उसके ससुराल वाले उसे मायके से पैसे व ऑटो लाने को बोलते थे। फरियादिया के पिता के गरीब होने के कारण वह पैसे नहीं ला सकती थी। अभियुक्तगण उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने थे। जिसकी रिपोर्ट माधवनगर में दर्ज कराई गई थी। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को दंडित किया गया। प्रकरण में पैरवी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई।

# सामुदायिक भवन के पास सरकारी जमीन पर नियमों को ताक पर रखकर बोरिंग

### नगर निगम नहीं कर रहा कार्रवाई, वार्डवासियों ने जताया विरोध

**कटनी, यशभारत।** बी डी अग्रवाल वार्ड के अंतर्गत अल्फर्टगंज स्थित सामुदायिक भवन के पास नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा करते हुए निजी बोरिंग कराए जाने का मामला सामने आया है। नियमों को ताक पर रखकर की जा रही बोरिंग की शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से किए जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। वार्ड के लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कतिपय व्यक्ति द्वारा अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए नगर निगम की जमीन पर कई साल पहले कब्जा कियाा गया और अब वहां पर बोरिंग कराई जा रही है। बोरिंग के लिए न तो अनुमति ली गई है और न ही वार्ड के लोगों को इस संबंध में कोई जानकारी दी गई है। सामुदायिक भवन के पास जिस स्थान पर बोरिंग कराई जा रही है, वहां पर पहले से ही अवैध रूप से कब्जा किया गया है, जिसे नगर निगम प्रशासन आज तक हटा नहीं पाया है। वार्ड के लोगों ने कलेक्टर अवि प्रसाद एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे का ध्यान इस ओर दिलाते हुए बोरिंग पर रोक लगाने एवं कार्यवाही की मांग की है।



# प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने का विरोध

### निर्णय वापस लेने दो दिन कार्य से विरत रहे जिले के अधिवक्ता

**कटनी, यशभारत।** माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 25 प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के आदेश के विरोध में कटनी न्यायालय के अधिवक्ता कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं का कहना है कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के इस आदेश से अधिवक्ताओं को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसे माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा वापस नहीं लिया जा रहा है। विरोध स्वरूप अधिवक्ता दो दिन कार्य से विरत रहे, जिसमें जिला न्यायालय के साथ ही बरही, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, बाकल, रीठी के अधिवक्ता भी कार्य से विरत रहे। जिला न्यायालय कटनी में विशेष रुप से जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, सीनियर एडवोकेट आलोक जैन, अक्षय शुक्ला, एडवोकेट मनीष शुक्ला, रविंद्र जयसवाल, दिनेश परोहा, रविंद्र गुप्ता, अनुज तिवारी, रुचित शुक्ला, के के गुप्ता एवं जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।




**आवश्यकता है**

अनुभवी, योग्य, नर्सिंग महिला स्टाफ की। कंप्यूटर का ज्ञान होने पर प्राथमिकता। सैलरी योग्यतानुसार। **पता - डॉक्टर एस. के. शर्मा**, सीआरएम क्लीनिक बिहारी सोनी मार्केट आजाद चौक, कटनी। मिलने का समय- शाम 3 से 4.30 बजे, **संपर्क**- 9425158548

मुम्बई के गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष गुप्ता
(एम.सी.एच. यूरोलॉजी)
कटनी में परामर्श, उपचार एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 18/03/2023 से 20/03/2023 तक उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. आशीष गुप्ता मो. 9833072976, डॉ. अक्षय गुप्ता मो. 9425152372, डॉ. वी.के. गुप्ता मो. 9425153721
पता- गुप्ता नर्सिंग होम एम.ई.एस. कालोनी माधवनगर कटनी (म.प्र.)

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

REQUIREMENT
We require an male or female Tally/Busy software accountant ability to work on computer & internet.
Salay- 10000/-
Contact no. 9425465227

SGAT
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com



वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375






प्रत्येक माह के चौथे रविवार महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर कटनी में
डॉ. अखिलेश दुबे
•एंजियोग्राफी •एंजियोप्लास्टी •पेसमेकर •वाल्व प्रकिया •बायपास
आयुष्मान सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें
गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर
स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हीरा गंज, शनि मंदिर के पास, कटनी दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक
जीवन ज्योति हॉस्पिटल माधव नगर, गेट के सामने, कटनी दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक
6232571740, 7489927249



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)